हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–248 : जौनपुर, सोमवार 10 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## यूपी के सरकारी व निजी कार्यालयों में अब 50 फीसदी उपस्थिति : सरकार ने जारी की नई गाइडलाइन

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिया है कि प्रदेश के सभी शासकीय और निजी कार्यालयों में (आवश्यक सेवाओं के अलावा) एक समय में 50 फीसदी कार्मिकों की भौतिक उपस्थिति की व्यवस्था लागू की जाए। आवश्यकतानुसार 'वर्क फ्रॉम होम' संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाए। निजी क्षेत्र के कार्यालयों में सेवारत कोई कर्मचारी यदि कोविड पॉजिटिव होता है तो उसे भी न्यूनतम 07 दिनों का वेतन सहित अवकाश अनुमन्य कराया जाए। सभी कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना अनिवार्य रूप से हो। बिना स्क्रीनिंग किसी को प्रवेश न दें। राज्य सरकार हर एक प्रदेशवासी के जीवन और जीविका की सुरक्षा के लिए संकल्पित है। इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। बीते कुछ दिनों से प्रदेश में कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी




देखने को मिल रही है। लोगों में पैनिक न हों, अतः उन्हें सही, सटीक और समुचित जानकारी दी जाए।

## स्वामी विवेकानंद नन्द नें कहा था उठो जागो और अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले रूको मत – मृत्युंजय दिक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : युवाओं के शक्तिपुंज और आदर्श तथा प्रेरक युगदृष्टा संत स्वामी विवेकानंद का जन्म कलकत्ता के दत्त परिवार में 12 जनवरी 1863 ईसवी को हुआ था। स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेंद्र नाथ था। स्वामी विवेकानंद के पिता विश्वनाथ दत्त कई गुणों से विभूषित थे एवं माता गरिमायी व धार्मिक रीति रिवाजों वाली महिला थीं। उन्हें देखकर लगता था कि मानों किसी राजवंश की महिला हों। ऐसे सहृदय परिवार में बालक नरेन्द्र का जन्म हुआ और जिसने स्वामी विवेकांनद बनकर सम्पूर्ण विश्व को दिशा दीतथा भारत के लिए महिमा और गरिमा से भरे एक नये युग का सूत्रपात किया। बालक नरेंद्र नाथ बचपन से ही बहुत अधिक शरारती थे लेकिन सत्यवादिता उनके जीवन का मेरूदण्ड थी।वे दिन में खेलों में मगन रहते थे और रात्रि में ध्यान लगाया करते थे। ध्यान के दौरान उन्हें अदभुत दर्शन प्राप्त होने लगे । समय के साथ उनमें और परिवर्तन दिखायी पड़ने लगे। वे बौद्धिक कार्यो को प्राथमिकता देने लगे। पुस्तकों का अध्ययन प्रारम्भ किया और नियमित रूप से समाचार पत्रों और पत्रिकाओं का गहन अध्ययन करने लगे। सार्वजनिक भाषणों में भी उपस्थित रहने लगे और सुने गए भाषणों की समीक्षा करने लगे, वे जो भी सुनते थे उसे अपने मित्रों के बीच वैसा ही सुनाकर सबको आश्चर्य चकित कर देते थे। उनकी पढ़ने की गति भी बहुत तीव्र थी तथा वे जो भी पढ़ाई करते उन्हें अक्षरशः याद हो जाया करता था। पिता विष्वनाथ ने अपने पुत्र की विद्वता को अपनी ओर खींचने का प्रयास प्रारम्भ किया। वे उसके साथ घंटों ऐसे विषयों पर चर्चा करते जिनमें विचारों की गहराई ,सूक्ष्मता और स्वस्थता होती। बालक नरेंद्र ने ज्ञान के क्षेत्र में बहुत अधिक उन्नति कर ली थी। उन्होनें तत्कालीन एंट्रेस की कक्षा तक पढ़ाई के दौरान ही अंग्रेजी और बांग्ला साहित्य के सभी ग्रंथों का अध्ययन कर लिया था। उन्होनें सम्पूर्ण भारतीय इतिहास व हिंदू धर्म का भी गहन अध्ययन कर लिया था। कालेज की पढ़ाई के दोरान सभी शिक्षक उनकी विद्वता को देखकर आश्चर्य चकित हो गये थे। अपने कालेज जीवन के प्रथम दो वर्षों में ही नरेन्द्र ने पाश्चात्य तर्क शास्त्र के सभी ग्रंथों का गहन अध्ययन कर लिया था। इन सबके बीच नरेंद्र का दूसरा पक्ष भी था। उनमें आमोद– प्रमोद करने की कला थी ,वे समाजिक वर्गो के प्राण थे। वे मधुर संगीतकार भी थे। सभी के साथ मधुर व्यवहार करते थे। उनके बिना कोई भी आयोजन पूरा नहीं होता था। उनके मन में सत्य को जानने की तीव्र आकांक्षा पनप रही थी। वे सभी सम्प्रदायों के नेताओं के पास गये लेकिन कोई भी उन्हें संतुष्ट नहीं कर सका । 1881 में नरेंद्र नाथ पहली बार रामकृष्ण परमहंस के सम्पर्क में आये। रामकृष्ण परमहंस मन में ही नरेंद्र को अपना मनोवांछित शिष्य मान चुके थे। प्रारम्भ में वे परमहंस को ईश्वर वादी पुरूष के रूप में मानने को तैयार न थे। पर धीरे– धीरे विश्वास जमता गया। रामकृष्ण जी समझ गये थे कि नरेंद्र में एक विशुद्ध चित साधक की आत्मा निवास कर रही है। अतः उन्होंने उस युवक पर अपने प्रेम की वर्षा करके उन्हें उच्चतम आध्यात्मिक अनुभूति के पथ में परिचालित कर दिया। 1884 में बी. ए. की परीक्षा के दौरान ही उनके परिवार पर संकट आया जिसमें उनके पिता का देहावसान हो गया ।1885 में ही रामकृष्ण को गले का कैंसर हुआ जिसके बाद रामकृष्ण जी ने उन्हें संयास की दीक्षा दी तथा उनका नाम स्वामी विवेकानंद हो गया। 1886 में स्वामी रामकृष्ण ने महासमाधि ली । वे स्वामी विवेकांनद को ही अपना उत्तराधिकारी घोषित कर गये। 1888 के पहले भाग में स्वामी विवेकानंद मठ से बाहर निकले और तीर्थाटन के लिये निकल पड़े। काशी में उन्होनें तैलंगस्वामी तथा भास्करानंद जी के दर्शन किये। वे सभी तीर्थों का भ्रमण करते हुए गोरखपुर पहुंचे। यात्रा में उन्होनें अनुभव किया आम जनता में धर्म के प्रति अनुराग में कमी नहीं है। गोरखपुर में स्वामी जी को पवहारी बाबा का सान्निध्य प्राप्त हुआ। फिर वे सभी तीर्थो, नगरां आदि का भ्रमण करते हुए कन्याकुमारी पहुंचे।यहां श्री मंदिर के पास ध्यान लगाने के बाद उन्हें भारतमाता के भावरूप में दर्शन हुए और उसी दिन से उन्होनें भारतमाता के गौरव को स्थापित करने का निर्णय लिया। स्वामी जी ने 11 सितम्बर 1893 को अमेरिका के शिकागो में आयोजित धर्मसभा में हिंदुत्व की महानता को प्रतिस्थापित करके पूरे विश्व को चौंका दिया। उनके व्याख्यानों को सुनकर पूरा अमेरिका ही उनकी प्रशंसा से मुखरित हो उठा। न्यूयार्क में उन्होनें ज्ञानयोग व राजयोग पर कई व्याख्यान दिये। उनसे प्रभावित होकर हजारों अमेरिकी उनके शिष्य बन गये। उनके लोकप्रिय शिष्यों में भगिनी निवेदिता का नाम भी शामिल है। स्वामी जी ने विदेशोंमें हिंदू धर्म की पताका फहराने के बाद भारत वापस लौटे। स्वामी विवेकानंद हमें अपनी आध्यात्मिक शक्ति के प्रति विश्वास करने के लिए प्रेरित करते हैं। वे राष्ट्र निर्माण से पहले मनुष्य निर्माण पर बल देते थे। अतः देश की वर्तमान राजनैतिक एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए देश के युवावर्ग को स्वामी विवेकानंद के विशय एवं उनके साहित्य का गहन अध्ययन करना चाहिये। युवा पीढ़ी स्वामी विवेकानंद के विचारों से अवश्य ही लाभान्वित होगी। स्वामी विवेकानंद युवाओं को वीर बनने की प्रेरणा देते थे। युवाओं को संदेश देते थे कि बल ही जीवन है और दुर्बलता मृत्यु। स्वामी जी ने अपना संदेश युवकों के लिए प्रदान किया है। युवा वर्ग स्वामी जी के वचनों का अध्ययन कर उनकी उददेष्य के प्रति निष्ठा, निर्भीकता एवं दीन दुखियों के प्रति गहन प्रेम और चिंता से अत्यंत प्रभावित हुआ है। युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद के अतिरिक्त अन्य कोई अच्छा मित्र, दार्शनिक एवं मार्गदर्शक नहीं हो सकता। नवीन भारत के निर्माताओं में स्वामी विवेकानंद का स्थान सर्वोपरि हैं। ऐसे महानायक स्वामी विवेकानंद ने 4 जुलाई 1902 को अपने जीवन का त्याग किया। स्वामी जी का एक नारा बहुत लोकप्रिय हुआ जो आज तक चला आ रहा है और वह है, "उठो जागो और अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले रूको मत"। अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की सबसे ऊंची प्रतिमा देश को समर्पित की थी जिस अवसर पर प्रधानमंत्री ने युवाओं को संबोधित भी किया था और युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों के बारे में गहनता से बताते हुए वर्तमान के संदर्भ में जोड़ा भी था। प्रधानमंत्री ने एक प्रकार से स्वामी जी के विचारों को नये और वर्तमान समय के अनुरूप प्रस्तुत करने में सफलता प्राप्त की। यह मूर्ति देखने के लिए सभी को दिल्ली अवश्य जाना चाहिए।

## मैंने पाकिस्तान का नाम लिया है अपनी जुबान को गंगाजल से धो लूंगा : संध्या कालीन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का किया गया भव्य आयोजन

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के तारुन क्षेत्र के चतुर्दश ग्रामर्षि महोत्सव के अवसर ग्रामर्षि राजकुमार पाण्डेय ग्रामोदय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सया में संध्या कालीन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने देश प्रेम गीत और हास्य कविताओं से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा।कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंधक पूर्व सांसद डॉ हरिओम पांडे ने मां वीणा वादिनी के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अयोध्या के वरिष्ठ कवि यमुना प्रसाद उपाध्याय ने किया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवित्री सुनीता पाठक के वाणी वंदना 'कामलासिनी यदि तू हर्षित हो, मेरे संवाद निखर जाए। यदि कृपा तुम्हारी हो माता मेरी तकदीर सँवर जाए' अयोध्या के कवि जिन्होंने देश विदेश में अपनी कविताओं का लोहा मनवाया है, दुष्यंत की परंपरा के कवि जमुना प्रसाद उपाध्याय ने कार्यक्रम आयोजक पूर्व सांसद डॉ हरिओम पाण्डेय पर अपनी रचना संस्थान की बुनियाद का पत्थर भी देखा था, अब छत भी देख रहा हूं से शुरुआत की। कहा कि रीत गागर सहेज कर रखना। यह सरोवर सहेज कर रखना।। पीढ़ियां पूजती रही जिसको ऐसा पत्थर सहेज कर रखना।हर सदी में नहीं होगा कोई हरि ओम । यह धरोहर सहेज कर रखना ।।सरकार के कार्यों पर व्यंग कसते हुए कहा कि हजारों योजनाओं के यहां बादल उमड़ते हैं।शबब क्या है इन फसलों का पीलापन नही जाता।।शेर से अपनी बातों को आगे बढ़ाया ,कुछ यूं हुआ मैंने कहा आसमा का सच भक्तों ने आसमान ही सर पर उठा लिया।।सियासत पर व्यंग्य करते हुए कहा कि नदी के घाट पर यदि सियासी लोग बस जाएं, तो प्यासे ओठ एक एक बूंद पानी को तरस जाएं ।।कैक्टस तो सजा के दालान में रखता है। बूढ़े मां बाप को ध्यान में रखते ज्यादा लान में रखता है।। कोटा राजस्थान से आये कवि सम्मेलन में डॉ0 कुँवर जावेद श्री लंका के नाम के आगे श्री क्यों लगा से अपनी कविता की शुरुवात की।जला के पाप से उसे फिर मिलकर बसाना पड़ा। हमारी माता जी ने कुछ दिन वहां बिताए थे इसीलिए नाम के आगे श्री लगाना पड़ा। हिन्दू मुस्लिम की गंगा जमुनी तहजीब को पेश करते हुए अपने गीत गजल प्रस्तुत किया। किसी जादू से नहीं किसी मंत्र से नहीं आए हैं हम तो गंगा हैं समंदर से नहीं आए।प्यार यहां त्यौहार बनाया जाता है बम तो सरहद पार बनाया जाता है। इस्लामी ट्रेनिंग के नाम पर तेरे यहां जहनो को बीमार बनाया जाता है।कहा कि मैंने पाकिस्तान का नाम लिया है अपनी जुबान को गंगाजल से धो लूंगा। अपनी प्रसिद्ध रचना से सभी को गुनगुनाने पर मजबूर किया। गीत गीत अमर कर के ऐसे अल्फाज कहां से लाऊं सोच रहा हूं, तुम जैसी मुमताज कहां से लाऊं। दिल में तुम्हें पाने की तमन्ना सजा तो ली। लेकिन जो तुमको भाता है वह अल्फाज कहां से लाऊं।गुलमोहर गुलनार चमेली या गुलाब की प्रिय सहेली। तुमको फूलों की रानी कैसे मानू।मेरे फूलों के आंगन में एक बार खिले तो जानू।।वाराणसी से आये वरिष्ठ कवि कमलेश राजहंस ने अपने अंदाज में गुदगुदाते हुए गीतों से जोड़ा।अपनी कविता के माध्यम से कहा कि अमावस की काली रातें तूफानों झंझा बटों, में कागज की कोरी धरती शब्दों के आंसू रोता हूं ।सारी दुनिया सोती है मैं फूट–फूट कर रोता हूं।बिना दूधा का बचपन बीता तरुणाई को भूख खा गई, पीड़ा काटों के बिस्तर पर थपकी देकर सुला गई। इच्छा होती मैं गाउ ,कंठ नही है गाउं कैसे।।धारती माता के बेटे छाती पर गोली खाते हैंसंविधान पर धूल जमी है लहू चढ़ाकर साफ करो। वेद प्रकाश द्विवेदी प्रचंड ने देश के साथ बेवफाई करने वालों को कुछ पंक्तियों के माध्यम से धिक्कारते हुए कहा महबूबा मेरी महबूबा घृणा सभी मे भरती हो, इस मिट्टी से प्यार नही या आतंकी से डरती हो। सनम वेवफा की करतूतें, तुमने ही चरितार्थ किया, भारत से रिचार्ज कराती बात पाक से करती हो। नई दिल्ली से आये वीर रस के कवि उपेन्द्र पाण्डेय ने गलवान के बलवान नामक कविता के माध्यम से कहा सरहद पर यदि युद्ध घटाए घिरती हो तो घिरने दो,परवाह नही सरकार आज यदि गिरती हो तो गिरने दो।अम्बेडकर नगर जनपद के ओजस्वी वीर रस के कवि अभय निर्भीक ने अपनी देशभक्ति कविताओं से श्रोताओं में जोश भरते हुए सम्मान में कहा भारत माता का हरगिज सम्मान नहीं खोने देंगें।अपने पूज्य तिरंगे का अपमान नहीं होने देंगे।सर्जिकल स्ट्राइक के बाद शौर्य पराक्रम का सबूत मांगने वाले नेताओं को अपने आक्रोश की पंक्तियों में व्यक्त किया । कवियत्री वंदना शुक्ला ने श्रृंगार गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।इंदौर से आए देश के लोकप्रिय गीतकार अमन अक्षर ने भगवान राम पर केंद्रित गीत जो है इस कथा के प्राण, उनका प्राण जानकी। राम एक सत्य जिसका,है प्रमाण जानकी

**पुण्य एक था मगर थे,**
**पुण्य के घड़े अलग**
**युद्ध एक था मगर,**
**दोनो ही लड़े अलग**
**जो ना थे किसी के राम,**
**राम थे खड़े अलग**
**जानकी के राम,**
**राम से भी थे बड़े अलग**

श्रोताओं तक पहुंचाया तो पूरा सभागार अनवरत तालियों से गूंज उठा। कवित्री मणिकर्णिका दुबे ने गीत के माध्यम के अपनी प्रस्तुति में कहा कि तुम हँसते हो तो लगता है,हँसता है संसार। तुम्हें कैसे ना करते प्यार।। तुम ना हो तो जीवन का होना भी क्या होना है। तुमको ना पाया तो सब कुछ पाकर भी खोना है।। मेरी छोटी सी दुनिया को तुम देते विस्तार। तुम्हें कैसे ना करते प्यार?कवि सम्मेलन संचालक कवि शशि कांत यादव ने रचना की प्रस्तुत करते हुए देश के प्रधानमंत्री के साथ पंजाब में घटित होने वाली घटना से आक्रोशित इशारों में कहा दुनिया को परिवार मानकर जो जिये सदा,मेल जोल से ही नया मेल मिल गया है।आपने बुझाए जहाँ रोशन चिराग हमे आस्था से भरा तेल मिल गया है पवित्रता के घाती जरा कान खोल सुनलेना ,रामजी के बेटे को रफेल मिल गया है। देश शक्ति से चलेगा जैसे को तैसा मिलेगा ।मेरी दिल्ली को नया पटेल मिल गया है।डा0 निरुपमा श्रीवास्तव ने मैं हिंदी हूँ का गीत प्रस्तुत किया ।सुनीता पाठक ने देश के सिस्टम पर वार करते हुए गजल प्रस्तुत कर लोंगों को सत्य से रूबरू कराया।कवि सम्मेलन में हास्य रस के कवि विकास बौखल,विहारी लाल अम्बर, ने श्रोताओं को खूब हंसाया । वीर रस के देश भक्त कवि राम भदावर ,सत्यशील राम त्रिपाठी के प्रस्तुति का आनन्द लेते हुए श्रोता मंत्रमुग्ध हो कर सुनते हुए कवियों की कविता पर तालियों से उनका उत्साह वर्धन भी समय समय पर करते रहे।कवि सम्मेलन का संचालन देवास मध्य प्रदेश के लोकप्रिय कवि डॉ शशिकांत यादव ने बहुत ही चुटीले और मोहक अंदाज में किया। कवि सम्मेलन में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद हरिओम पाण्डेय, विधायक मिल्कीपुर बाबा गोरखनाथ, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राकेश तिवारी, डॉ सी पी मिश्रा बीटीसी प्राचार्य डॉ कमलेश यादव ,महिला महाविद्यालय की प्राचार्य अंजू पाण्डेय, डॉ राजेश त्रिपाठी, डॉक्टर हरीश सिंह,अनुपम पाण्डेय, नरेंद्र पाण्डेय, विनोद गौड़ ,डॉ शैलेंद्र सिंह, डॉक्टर सौरभ तिवारी ,डॉक्टर अंकित मिश्रा ,कार्यालय अधीक्षक शिव शंकर मिश्रा ,भाजपा आईटी सेल प्रकोष्ठ प्रवेश मिश्रा ,कमला शंकर पांडे राघवेंद्र पांडे राजेश दुबे महेंद्र, दुबे सहित विद्यालय परिवार के बच्चे व श्रोता उपस्थित रहे।

## पिता की पुण्य स्मृति पर घर घर जाकर नागरिक अभिनंदन समारोह एवं कंबल किया गया वितरण

महराजगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : ब्लाक महाराजगंज के राजस्व गांव आशापुर के निवासी सुनील कुमार पाण्डेय अध्यापक अपने पिता स्वर्गीय चंद्रशेखर पाण्डेय की पुण्य स्मृति पर घर–घर जाकर नागरिक अभिनंदन एवं कंबल वितरण कर रहे हैं इसी क्रम में नाहरपुर गांव के वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय पंडित अमर नाथ पाण्डेय के घर पहुंचकर उनका सम्मान कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया तथा इसी क्रम में प्राचार्य डॉ ज्ञान प्रकाश मिश्र श्री उमा महेश्वर संस्कृत महाविद्यालय कोल ढेमा का भी सुनील पाण्डेय द्वारा सम्मान किया गया तथा ज्योतिषी हरीश चंद्र द्विवेदी को अंग वस्त्र देकर उनसे भी आशीर्वाद प्राप्त किया आज इसी क्रम में कई गांव गांव जाकर उनके द्वारा नागरिक अभिनंदन समारोह और जरूरतमंदों को कंबल दिया गया यह



कार्य सुनील पांडे द्वारा हर वर्ष अपने पिता के पुण्य स्मृति पर किया जाता है जो एक नेक कार्य है इससे लोगों को अपने पिता के प्रति आदर और भाव एक मिसाल बनकर प्रेरणा देने का कार्य है जिसका लोग बखूबी बखान कर रहे हैं।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## जिला सहकारी बैंक के पूर्व प्रबंधक को करोड़ों के घपले में किया गिरफ्तार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिला सहकारी बैंक के पूर्व प्रबंधक व जिला सहकारी बैंक ऋण घोटाले के मुख्य आरोपित रामनाथ को सीबीसीआईडी की टीम ने रविवार की दोपहर गोला के बरहजपार माफी गांव स्थित उनके पैतृक आवास से गिरफ्तार कर लिया। सिकरीगंज स्थित बैंक की शाखा से हुए 3.54 करोड़ के घपले में आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जिला सहकारी बैंक की सिकरीगंज शाखा पर वर्ष 2012 से 2015 के बीच प्रबंधक के पद पर तैनात रहे रामनाथ ने फर्जी तरीके से 400 लोगों में 3.54 करोड़ रुपये ऋण वितरित किया था। शाखा प्रबंधक ने अपने कार्यक्षेत्र से बाहर जाकर उरुवा, बेलघाट, सिकरीगंज, खजनी, पिपरौली में रहने वाले लोगों को भी ऋण दे दिया। शिकायत पर हुई जांच में पता पता चला कि अनियमित तरीके से ऋण वितरित करने में जिला सहकारी बैंक के पूर्व महाप्रबंधक रमाशंकर मिश्र, रामनेवास, जयप्रकाश, उप शाखा प्रबंधक कालिका प्रसाद सिंह भी शामिल रहे। सीबीसीआईडी की टीम पूर्व महाप्रबंधक रमाशंकर मिश्र, रामनेवास,जयप्रकाश व कालिका प्रसाद सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## गोरखपुर : पशु तस्करों का हौसला बुलंद

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : शहर के राप्ती नगर से लेकर चारगवां करीमनगर तक पशु तस्करों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है आज सुबह 3:00 बजे करीब करीमनगर चौराहे से सरवन यादव की दो गायों को जबरदस्ती घर के अंदर से निकालकर गाय को लादकर ले गए जब परिवार ने विरोध किया तो गोली मारने की धमकी देते हुए गायों को लेकर चले गए आखिर गोरखपुर पुलिस प्रशासन क्या कर रही है यह एक बड़ा सवाल है आखिर गोरखपुर पुलिस क्यों इन तस्करों का कर रही है सपोर्ट पिकअप गाड़ी लेकर धड़ल्ले से शहर में आते हैं पशु तस्कर 14 से 15 के तादार में होते हैं पशु तस्कर लेकिन गोरखपुर पुलिस बेखौफ चौराहों पर पुलिस गश्त के नाम पर जीरो आखिर जिम्मेदार कौन।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने लगवाया डोज

जौनपुर सू.वि. : कोरोना वायरस बचाव के लिए हेल्थ केयर वर्कर्स, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 साल से अधिक उम्र के कोमार्विड रोगियों को प्रीकॉशनरी डोज की शुरुआत हुई। राजकीय लीलावती महिला चिकित्सालय में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय साहनी, अपर पुलिस अधीक्षक (शहर) डॉ संजय कुमार के साथ कई अन्य अधिकारियों ने बूस्टर डोज लगवाया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि जिन लोगों ने अभी कोरोना का टीका नहीं लगाया है, जल्द से जल्द लगवा लें। उन्होंने कहा कि कोविड–19 के गाइडलाइंस का शत–प्रतिशत पालन करें, जिससे जनपद में संक्रमण का प्रसार न हो सके। मास्क जरूर लगाएं। भीड़भाड़ में जाने से बचें। एक–दूसरे से पर्याप्त दूरी बना कर रहें। कुछ भी छुएं तो साबुन–पानी से हाथ धुलें। यहां बता दें कि जनपद में 15 से 18 वर्ष के 3,15,205 किशोर–किशोरियों के लक्ष्य के सापेक्ष 75,112 से ज्यादा लोगों को पहली डोज लग चुकी है। फ्रंटलाइन वर्कर के अंतर्गत आने वाले चुनाव की ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। इन लोगों को प्रीकाशन डोज लगवाना अनिवार्य है। 93 टीकाकरण केंद्र – डीआईओ डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि हेल्थ केयर वर्कर तथा फ्रंटलाइन वर्कर के साथ 60 वर्ष से अधिक उम्र के कोमार्विड लोगों को प्रीकाशन डोज (एहतियाद टीका) के लिए 93 टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं जो कि जिला महिला चिकित्सालय, जिला पुरुष चिकित्सालय, लीलावती महिला चिकित्सालय, सभी सामुदायिक (सीएचसी) तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर हैं। ऐसे रजिस्ट्रेशन – यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) के वैक्सीन एवं कोल्ड चेन मैनेजर शेख अबजाद ने बताया कि कोविन पोर्टल पर आनलाइन बुकिंग के लिए स्लाट उपलब्ध हैं। वैक्सीनेशन सेंटर पर भी बिना आनलाइन बुकिंग के जाने पर भी स्वास्थ्यकर्मी आनस्पाट रजिस्ट्रेशन करके तुरंत टीका लगा देंगे। अभी तक की स्थितिः जनपद में 18 वर्ष से अधिक उम्र की आबादी 34,26,408 है। इसमें से 31,41,981 से ज्यादा लोगों को टीके की पहली डोज का टीकाकरण लक्ष्य पूर्ण किया जा चुका है। अब तक 52,82,756 से अधिक कुल डोज लगाई जा चुकी हैं। जनपद में 19,73,943 से अधिक लोगों को टीके की दूसरी डोज भी लगाई जा चुकी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह ने जनपदवासियों से अपील की है कि यदि कोई भी प्रथम डोज से वंचित है तो वह अपना टीकाकरण अवश्य करवा लें। इसके साथ ही जिन लोगों का दूसरी खुराक लगवाने का समय आ गया है, वह अपनी दूसरी खुराक अवश्य लगवा लें। उद्घाटन के मौके पर कोल्ड चेन मैनेजर शेख अबजाद, संयुक्त राष्ट्र बाल आपात कोष (यूनीसेफ) की डिस्ट्रिक्ट मोबलाइजेशन को–आर्डिनेटर (डीएमसी) गुरदीप कौर, अर्बन कोआर्डिनेटर प्रवीन पाठक सहित स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

यदि हम अपनें आप से मित्रता कर लें तो कभी अकेले नहीं होंगे।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# विश्व हिंदी दिवसः विस्तार के बावजूद विमर्श से दूर हिंदी

वर्ष 2006 में दस जनवरी के दिन से विश्व हिंदी दिवस मनाने की घोषणा का पहला और अहम उद्देश्य था, अपनी प्यारी हिंदी को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करना। विश्व हिंदी दिवस मनाने के जरिये भारतीय दूतावासों ने हिंदी के वैश्विक विस्तार को बढ़ावा देने की कोशिशें शुरू कीं। इस बहाने दुनिया भर के लोगों को हिंदी की ओर आकर्षित करने की कोशिश बढ़ी। निश्चित तौर पर हिंदी लगातार वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति और ताकत बढ़ा रही है। लेकिन हिंदी को अपने ही घर में एक स्तर पर उपेक्षा भी झेलनी पड़ रही है।

भारतीय विमर्श और शिक्षा के माध्यम के रूप में अब भी हिंदी हाशिये पर है। हिंदी में अब भी विमर्श दोयम दर्जे का माना जाता है। उच्च शिक्षा में हिंदी भाषा और साहित्य के रूप में कुछ धाक भले ही बना रखी हो, लेकिन तथ्य है कि तमाम कोशिशों के बावजूद वह अब भी शैक्षिक माध्यम नहीं बन पाई है। यही वजह है कि वैश्विक प्रसार के बावजूद हिंदी ताकतवर और प्रतिष्ठित नहीं बन पा रही है। हिंदी के वैश्विक प्रसार का जरिया उदारीकरण भी बना, जिसकी निगाह भारत के उस विशाल मध्य वर्ग पर थी, जिसकी क्रय शक्ति लगातार बढ़ रही थी। हिंदी की इस क्षमता को न्यूज कॉरपोरेशन के प्रमुख और मीडिया की दुनिया के वैश्विक बादशाह रूपर्ट मर्डोक पहले ही स्वीकार कर चुके थे। उन्होंने इक्कीसवीं सदी की आहट के बीच ही हिंदी को भावी दुनिया की पांच ताकतवर भाषाओं के रूप में पहचान लिया था। इसी के बाद उन्होंने भारत में अपने स्टार समूह के चौनलों के विस्तार की रणनीति बनाई।

हिंदी समझने और बोलने वालों की संख्या हो या इंटरनेट पर हिंदी के विस्तार के आंकड़े, वे सभी उत्साहवर्धक हैं। आज दुनिया भर में 150 से ज्यादा देशों के 200 विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जा रही है। अमेरिका के 30 से ज्यादा विश्वविद्यालयों व शैक्षिक संस्थानों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है। इसी तरह जर्मनी के 15 संस्थानों में हिंदी भाषा और साहित्य का अध्ययन हो रहा है। ब्रिटेन की लंदन, कैंब्रिज और यार्क यूनिवर्सिटी में भी हिंदी पढ़ाई जाती है। चीन, जापान, हंगरी, रूस आदि देशों में भी हिंदी की पढ़ाई हो रही है। यही नहीं, भारत की बेहतर जानकारी के लिए दुनिया भर में करीब सवा सौ संस्थानों में हिंदी का अध्ययन–अध्यापन हो रहा है।

एक आंकड़े के मुताबिक, विश्व में करीब एक अरब से ज्यादा लोग न सिर्फ हिंदी बोल सकते हैं, बल्कि वे इसे लिख और समझ भी रहे हैं। भारत में स्थानीय राजनीति से प्रभावित स्थानीय अस्मिता बोध के चलते स्थानीय भाषाओं को तवज्जो देने की सोच भले ही मजबूत हो रही है, लेकिन हर राज्य में हिंदी बोलने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विश्व में हिंदी तीसरे स्थान पर भले ही हो, परंतु नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान, मलयेशिया, ब्रिटेन, अमेरिका जैसे देशों में हिंदी के जरिये भारतीयता भी विकसित हो रही है। इसी तरह फिजी, मॉरीशस, गुयाना, सूरीनाम में हिंदी को अल्पसंख्यक भाषा का दर्जा हासिल हो चुका है।

मगर हिंदी का चाहे जितना भी वैश्विक विस्तार हो, जब तक वह उच्च शिक्षा के माध्यम के रूप में स्थापित नहीं होगी, विमर्श और प्रशासनिक नीति निर्धारण की भाषा नहीं बन सकती। नीति निधारकों और प्रशासनिक तंत्र की भाषा अब भी अंग्रेजी ही है। इसलिए हिंदी विमर्श का माध्यम भी नहीं बन पा रही है। इसका असर है कि हिंदी समाज और संस्कृति की मूल परेशानियां अब तक मुख्यधारा में गंभीर चिंता का विषय नहीं बन पाई हैं। अब भी प्रशासनिक तंत्र का मुख्य कार्य अंग्रेजी में होता है और हिंदी में उसका अनुवाद भर होता है। नीति नियंता यह नहीं सोच पाते कि हर भाषा की अपनी सांस्कृतिक परंपरा होती है, उसका अपना चिंतन होता है और इस लिहाज से उसकी अपनी समस्याएं भी होती हैं।

उस समस्या को वही समझ पाएगा, जो उस भाषा की सीमा और संस्कृति–दोनों को समझता हो। विमर्श और शैक्षिक माध्यम बनने के पीछे ये भी मूल कारक होते हैं। हिंदी के वैश्विक विस्तार और प्रसार के साथ इस तथ्य की ओर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# नवागत एसपी ट्रैफिक डॉ एमपी सिंह ने पदभार ग्रहण करते ही क्षेत्र का किया भ्रमण

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा : यातायात व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करने के उद्देश्य नवागत एसपी ट्रैफिक डॉ एमपी सिंह ने पदभार ग्रहण करते ही अधिकारियों के साथ बैठक करके आगामी खिचड़ी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 10 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जिसका एसपी ट्रैफिक ने निरीक्षण किया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि महानगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर रूप से संचालित करने की दिशा में रूपरेखा तैयार की गई है आगामी खिचड़ी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान रखते हुए 10 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जिसमें बड़ी गाड़ियों के लिए अलग और छोटी गाड़ियों के लिए अलग पार्किंग स्थल होंगे। ऐसे में उन्हीं वाहनों को गोरखनाथ मंदिर की तरफ जाने के लिए अनुमति दिया जाएगा जिन्हें मंदिर जाना है बाकी वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा चाहे वह धर्मशाला या काली मंदिर की तरफ से आ रहे हो या बरगदवा की तरफ से आ रहे हो ऐसे वाहनों को बरगदवा के पीछे ग्रीन सिटी के रास्ते उन्हें जाने दिया जाएगा। श्रद्धालुओं को यातायात




व्यवस्था बेहतर देने की दिशा में लोगों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जाए। सोमवारी जाम के सवाल पर उन्होंने कहा कि फिलहाल इस बार कोई रूट डायवर्जन नहीं रहेगा ट्रैफिक पुलिस के जवान हर चौराहे और मोड़ पर पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहेंगे । बाये लेन की तरफ से आने वाले वाहनों को जाने दिया जाएगा। ट्रैफिक कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि आम नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार करें और जनता से अपेक्षा की जाती है कि वह ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित अपने घर को समय से पहुंचे।

# लखनऊ मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज में छात्रों ने बढ़–चढ़कर वैक्सीनेशन कराया

आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज इंसाफ नगर पानी गांव इंदिरा नगर में सरकारी निर्देशानुसार 15 वर्ष से 18 वर्ष की आयु वर्ग के छात्र–छात्राओं को कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक लगाई गई। वैक्सीनेशन के दौरान कोरोना प्रोटोकॉल का पूर्णतया अनुपालन किया गया। जिन छात्र–छात्राओं की किसी अपरिहार्य कारण से वैक्सीन नहीं लग सकी है , उन्हें शीघ्र वैक्सीन लगवाने का परामर्श दिया गया। स्कूल बंद होने के कारण शत – प्रतिशत वैक्सीनेशन नहीं हो सका स लखनऊ मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज इंसाफ नगर पानी गांव इंदिरा नगर की प्रिंसिपल श्रीमती शिवानी वर्मा ने शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों से निवेदन किया है कि सब लोग सरकार की इस मुहिम में बढ़–चढ कर वैक्सीनेशन कराएं



,और स्वयं को तथा देश को सुरक्षित बनाएं स उन्होंने कहा कि शिक्षक फोन करके बच्चों को विद्यालय बुला रहे हैं और टीकाकरण करवा रहे हैं। शत प्रतिशत टीकाकरण कराने की पूरी कोशिश की जा रही है। विद्यालय छात्रों के अलावा अन्य बच्चे भी इलाके से आकर वैक्सीनेशन करा रहे हैं।

# राष्ट्रीय युवा वाहिनी के इटावा जिला अध्यक्ष बने हिंदू शिवम राजपूत

आर एल पाण्डेय लखनऊ। हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार मे हिंदू शिवम राजपूत जी को इटावा का जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाती है हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप तन मन पूरे जिले में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे आपके मनोनयन पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिंदू देव प्रकाश शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश मिश्रा जी राष्ट्रीय शासन प्रभारी श्यामानंद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुलकित आनंद राष्ट्रीय प्रभारी अजय गोस्वामी हिंदू पंडित हृदेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सलाहकार बलराम सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल सेल एच एन मिश्रा राष्ट्रीय सचिव राजन मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक राष्ट्रीय राष्ट्रीय सचिव संस्कृति प्रकोष्ठ मनोज पाठक हिन्दू अनुराग तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिन्दू प्रशांत नीलकंठ अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष



महिला प्रकोष्ठ रोशनी शुक्ला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपिका मिश्रा उत्तर प्रदेश प्रभारी दीपिका वर्मा विजय सागर सोनी मंडल प्रभारी कानपुर सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया सभी लोगों ने आशा व्यक्त की आप संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने ट्रकों से डीजल चुराने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को तमंचा कारतूस व कार सहित किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीअजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम व संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर सदानन्द राय मय टीम द्वारा दिनाकं 08/01/2022 की रात्रि मुखबिर खास की सूचना पर ट्रकों से डीजल चुराने वाले 03 अभियुक्तों को अपना ढाबा सतहरिया थाना मुगराबादशाहपुर के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक चार पहिया वाहन, तंमचा कारतूस व अन्य सामान बरामद किया गया। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0–009/2022 धारा–401 भादवि, मु0अ0सं0–010/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट, मु0अ0सं0–011/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट, मु0अ0सं0–012/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। बरामदगी का विवरण– 06 प्लास्टिक का गैलेन 35–35 ली0 खाली, पाइप 01 इन्च 10 फुट, 1.5 इन्च का 08 फीट, 1 कार हुण्डई ऐसेंट, 03 अवैध तमन्चा 315 बोर मय 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर। नाम पता अभियुक्तगण एव अपराधिक इतिहास–1. गोविन्दा यादव पुत्र लालता प्रसाद यादव निवासी बारंगी थाना खेतासराय जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 009/2022 धारा 401 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2.मु0अ0सं0 010/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. सोनू बिन्द पुत्र मुन्नर बिन्द निवासी चकचोर्रा थाना बरदह जनपद आजमगढ। 1.मु0अ0सं0 009/2022 धारा 401 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2.मु0अ0सं0 011/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 3.अजहर अंसारी पुत्र अग्गन निवासी बरई मानीकला थाना खेतासराय जौनपुर। 1.मु0अ0सं0 009/2022



धारा 401 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 012/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। गिरफ्तारी/ बरामदगी करने वाली टीम– 1.श्री सदानन्द राय, थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 2.उ0नि0 अजय प्रकाश पाण्डेय, थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 3.उ0नि0 दिनेश कुमार, थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 4.हे0का0चा0 मनोज कुमार चौबे, हे0का0 सुरेश चन्द्र, हे0का0 विनोद सिंह, का0 ओमप्रकाश मिश्रा, का0 अभिमन्यु यादव, का0 रवि प्रकाश यादव, का0 ओमप्रकाश मिश्रा, का0 संतोष कुमार यादव, का0 गया प्रसाद पटेल,का0 समरविजय यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

**थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार**

अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम व संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा दिनाकं 06/01/2022 को अभियुक्त कमला प्रसाद पुत्र स्व0 रामबरन निवासी पकड़ी गोदाम कस्बा थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर को सटवा चुंगी चौराहा से 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर मु0अ0सं–007/2022 धारा–60 आबकारी अधिनियम थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। बरामदगी का विवरण– 10 लीटर कच्ची शराब। नाम पता अभियुक्त– 1.कमला प्रसाद पुत्र स्व0 रामबरन निवासी पकड़ी गोदाम कस्बा थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0सं0–007/2022 धारा–60 आबकारी अधिनियम थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.श्री सदानन्द राय थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 2.उ0नि0 दिनेश कुमार थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।3.का0 रवि प्रकाश यादव, का0 अभिमन्यु यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

# सभी की जागरूकता से तीसरी लहर को बढ़ने से रोका जा सकता है –संजय गुप्ता

आर एल पाण्डेय लखनऊ। तीन दिन पूर्व जिलाधिकारी लखनऊ के साथ हुई बैठक में तय हुए कार्यक्रम "हमारा लखनऊ –हमारी जिम्मेदारी" के तहत उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कोविड–19 के नए वैरीअंट को बढ़ने से रोकने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी "उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ,कपूरथला" के बैनर तले जिला प्रशासन के सहयोग से प्रगति बाजार में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया वैक्सीनेशन कैंप में दोनों खुराको के साथ–साथ 15 वर्ष से अधिक बच्चों को भी टीका लगाया गया तथा इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मौजूद रहे ,व्यापारी नेता संजय गुप्ता की उपस्थिति में व्यापारियों ने फेस मास्क वितरण कार्यक्रम भी किया तथा नागरिकों ,व्यापारियों एवं बच्चों को निशुल्क फेस मास्क वितरित किए तथा सभी से कोविड–19 के नियमों का पालन करने की अपील की इस अवसर पर बोलते हुए संजय गुप्ता ने कहा –हमारा लखनऊ हमारी जिम्मेदारी है –हम सभी को मिलकर कोविड–19 की तीसरी लहर को रोकना होगा सभी के सामूहिक प्रयास से निश्चित रूप से हम लोगों को सफलता मिलेगी ट्रांस गोमती के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीपी अवस्थी ने बताया मंगलवार को भी वैक्सीनेशन कैंप जारी रहेगा वैक्सीनेशन कैंप एवं जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से ट्रांस गोमती के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश अवस्थी ,कपूरथला के अध्यक्ष राजवीर सिंह, लखनऊ के उपाध्यक्ष सुदर्शन कटियार ,कपूरथला के महामंत्री सुशील वर्मा, कपूरथला के उपाध्यक्ष राजीव रस्तोगी,संजय कुमार गुप्ता, संजय कीर्ति ,रोमी मेहरोत्रा ,मोहन मेघानी, रोहित पाहवा ,समित पाहवा, श्रीमती रंजना शर्मा दिनेश, चौरसिया सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की वर्चुअल वार्ता हुई स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा अध्यक्ष ने अवगत कराया की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा साहिबजादा जोरावर सिंह एवम साहिबजादा फतेह सिंह जी के विश्व में सबसे छोटी आयु की शहादत को 26 दिसम्बर को "वीर बाल दिवस" साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन घोषित करने के लिए सिख समाज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को हृदय की गहराइयों से धन्यवाद देती है। महामंत्री एवम अध्यक्ष गुरुद्वारा सदर सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने उत्तर प्रदेश एवं केंद्र सरकार से अपील की की साहिबजादों की शहादत के इतिहास को NCERT राज्य सरकारों के पाठ्यक्रम में ICSC पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। स. सतपाल सिंह मीत प्रवक्ता ने लखनऊ या आसपास के जिले में गुरू गोबिन्द सिंह जी के नाम पर एक मेडिकल कालेज खोलने तथा उत्तर प्रदेश में सिख संग्रहालय खोलने की अपील की सिख इतिहास जो की तलवार की नोक एवं खून की स्याही से लिखा हुआ है देश में जबरन धर्म परिवर्तन एवं देश की आजादी के लिए दिए गए बलिदानों को उजागर करने की आवश्यकता है। इस वर्चुअल मीटिंग में स.तेजपाल सिंह रोमी, स. हरमिंदर सिंह टीटू, स. हरविंदर सिंह नीटा, स. परमजीत सिंह आदि शामिल थे।

# समाजसेवी अधिवक्ता कुलदीप सैनी के निधन से शोक की लहर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : समाजसेवी और अधिवक्ता कुलदीप सैनी का कैंसर की बीमारी के चलते बीकानेर के कैंसर अस्पताल में निधन हो गया वे लगभग 40 बर्ष के थे।उन्होंने रविवार को शाम लगभग 6 बजे अंतिम सांस ली।सदैव खुशदिल मिजाज और मिलनसार प्रवत्ति के कुलदीप सैनी मो0 बुध बाजार के निवासी थे और वे समाजसेवी संस्था चैंपियन एसोसिएशन फॉर



आइडियल मूवमेंट्स के प्रदेश प्रवक्ता पद पर रहकर समाजसेवा में कार्यरत थे।पेशे से अधिवक्ता कुलदीप सैनी को पत्रकारिता का भी शौक था और अपना निजी यूट्यूब चौनल चलाकर जनहित की समस्याओ को तत्तपरता से उठाते थे।कैंसर जैसी बीमारी से लड़ते हुए ऑपरेशन के बाद भी उन्होंने अपनी आखिरी सांस तक हिम्मत नही हारी लेकिन उन्हें कैंसर की बीमारी से हारना ही पड़ा।उनके निधन का समाचार सुनते ही उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई।उनके पार्थिव शरीर का नर्मदा शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।इस दुखद घटना पर समाजसेवी संस्था चौंपियन एसोसिएशन फॉर आइडियल मूवमेंट्स के सभी पदाधिकारियों और तहसील में अधिवक्ता संघ शाहाबाद,विभिन्न पत्रकारों ने शोक संदेश पारित कर गहरा शोक जताया।

# जौनपुर जिले के मडियाहू तहसील अंतर्गत निशुल्क चिकित्सा नेत्र परीक्षण शिविर में रक्तदान शिविर हुआ संपन्न

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के स्वर्गीय केदारनाथ सिंह के स्मृति में निशुल्क चिकित्सा ,नेत्र परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन श्री राम जानकी दिनकर इंटर कालेज जोगापुर जमालापुर में हुआ। आपको बता दे सक्षम काशी ,बी काइंड इंडिया ,प्रतिभा सेवा सदन ,इंदिरा हॉस्पिटल वाराणसी ,फाउंडेशन फॉर अर्बन रूरल डेवलोपमेन्ट, इंडियन ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिअशन के सौजन्य से कार्यक्रम सम्पन हुआ जिसमें 3000 से भी ज्यादा स्थानीय नागरिक लाभवंवित हुए। कार्यक्रम की सुरुवात मुंगराबादशाहपुर विद्यायक श्रीमती सुषमा पटेल के द्वारा स्वर्गिय केदारनाथ जी के प्रतिमा के माल्यार्पण के साथ हुआ। उक्त कार्यक्रम में शिवा रामा कृष्णा (सक्षम काम्बा प्रकोष्ठ) डॉ राजीव प्रशाद (इंडियन ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन महासचिव व डायरेक्टर विसुअल आई ) डॉ पवन कुमार (फाउंडेशन फॉर अर्बन एंड रूरल डेवलोपमेन्ट सेक्रेटरी) व डॉ अजय कुमार व इंदिरा हॉस्पिटल वाराणसी की टीम ने निशुल्क नेत्र जांच किया ,हड्डी रोग उपचार,न्यूरो उपचार,स्त्री रोग उपचार किया। उक्त कार्यक्रम में सपा पूर्व विधायक श्रीमती श्रद्धा यादव,भाजपा नेता मनोज सिंह,हिन्दू भगवा वाहिनी उपाध्यक्ष डॉ अंजना



सिंह, रमेश सिंह ,युवा सपा नेता राजबीर यादव,राणा पुष्पेंद्र, डॉ आलोक सिंह व 370 निर्दलीय प्रत्यासी अतुल दुवे समेत क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उक्त कार्यकम में लगभग 3000 लोगो को स्वाथ्य लाभ मिला और 2000 से ज्यादा चश्मो का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राम आशीष सिंह जी वरिष्ठ प्रचारक प्रभारी प्रज्ञा प्रवाह उत्तर क्षेत्र रहे उनके साथ सक्षम काशी के प्रांतीय अध्यक्ष प्रो कुलदीप सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक करता स्वर्गिय केदारनाथ जी के पौत्र नारायण सिंह,व शिवम पाण्डेय,आनंद जायसवाल, संदीप यादव प्रदीप सिंह रहे। सभी लोगो ने बी काइंड इंडिया, सक्षम संस्था के इस पुनीत कार्य की सराहना की।

# चुनाव को लेकर प्रसपा के नगर कार्यालय में बैठक सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ ।प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्री मुर्तुजा अली ने आज पार्टी कार्यालय में एक बैठक की और पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि 2022 के चुनाव के लिए कमर कस ले ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ रही अराजकता और महंगाई के खिलाफ कार्यकर्ता एकजुट हो जाये। समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन पर भी उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों को मजबूत करना है ।साथ ही उत्तर प्रदेश में 2022 में सरकार भी बनाना है। उन्होंने कहा कि घर घर जाकर अखिलेश यादव एवं शिवपाल यादव की नीतियों को बयान करें साथ ही साथ उन्होंने वोट डालने पर भी लोगों को जागरूकता के लिए भी उन्होंने जोर दिया। श्री अली ने कहा कि अल्पसंख्यक एवं दलित भाई के बीच जाकर अपनी बात को रखेंगे जल्दी एक सम्मेलन करेंगे पार्टी को मजबूत करने के लिए उन्होंने आज अपने पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से सदस्यता एवं प्रदेश में जन जन तक पहुंचाने की बात कही और उन्होंने ने कहा कि शिवपाल सिंह




यादव एक सच्चे सिपाही हैं और एक अच्छे राजनेता भी हैं उनके नियत में कोई खोट नहीं है हमेशा उन्होंने लोगों की मदद की है।शिवपाल यादव जब जब सरकार में रहे तब तक लोगों को फायदा पहुंचाया है और लोगों की हर संभव मदद करने का भी प्रयास किया है ऐसा नेता मिलना मुलायम सिंह के बाद अब शिवपाल यादव ही कर सकते हैं श्री अली ने अखिलेश यादव को कहा कि प्रदेश के अच्छे मुख्यमंत्री रहे हैं।

# थाना कोतवाली स्वाट व संर्विलांस की संयुक्त टीम ने दो शातिर अंतर्जनपदीय चोरों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत, डा0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व श्री जितेन्द्र कुमार दूबे, क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस रात्रि चेकिंग व गस्त में मानिक चौक पर मौजूद थी कि प्रभारी स्वाट टीम व प्रभारी सर्विलांस मय टीम के उपस्थित आ गये, आपस में अपराध एवं अपराधियों के बारे में बात चीत कर रहे थे कि मुखबिर कि सूचना पर राजा साहब के पोखरा के पास से दो शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया। यह दोनों चोर चोरी की बोलेरो से चोरी का सामान लेकर जा रहे थे कि रास्ते में गिरफ्तारी हो गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर सिपाह चौकी क्षेत्र से अन्य सामान बरामद हुआ। उपरोक्त चोरी को बोलोरो एक थाना क्षेत्र गौराबादशाहपुर व सरायमीर से चोरी की गई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुध्द थाना कोतवाली पर मु0अ0स0–14/2022 धारा 41/411/414/420/467/468/471 भादवि व मु0अ0सं0–15/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट बनाम शनि उर्फ दिलीप उपाध्याय पुत्र संजय उपाध्याय निवासी ग्राम स्यादा थाना कन्धरापुर जनपद आजमगढ़ पंजीकृत किया गया। अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी से जनपद में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा। उपरोक्त शातिर चोरों का एक अंतर्जनपदीय गैंग है इस गैंग के अन्य सदस्यों के गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण व आपराधिक इतिहास– 1.शनि उर्फ दिलीप उपाध्याय पुत्र संजय उपाध्याय निवासी ग्राम स्यादा थाना कन्धरापुर जनपद आजमगढ़। 1.मु0अ0स0–14/2022 धारा –41/411/414/420/467/468/471 भादवि थाना कोतवाली जनपद जौनपुर।2. मु0अ0सं0–15/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 3.मु0 अ0 स0–29/2021 धारा–8/20 NDPS ACT थाना सिधारी जनपद आजमगढ। 4. मु0अ0सं0–25/21 धारा–379 थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। 5. मु0अ0सं0–148/21 धारा–379 थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़। 2. एक महिला अभियुक्ता। बरामदगी का विवरण– दो चोरी की बोलेरों गाड़ी, चोरी की 46 मोबाईल, दो ग्राइन्डर मिक्सर, एक जूसर, एक इन्डेक्सन सेट, दो कपप्लेट सेट, छः फैन पत्ती, एक गिजर, तीन स्पीकर, एक प्रिन्टर, ग्यारह पीस जीन्स पैंट, तेईस पीस पैंट का कपड़ा, एक थान शर्ट का कपड़ा, चार पीस लहंगा का कपड़ा, चार पीस सूट सलवार,एक साड़ी, एक चुनरी, एक टीशर्ट, एक छोटी बैट्री तीन छोटा गैस सलेंडर,एक बंडल पानी का पाईप, चार खुला हुआ पानी का पाईप,दस जोड़ी जुता, दस बेल्ट, 20,115 रुपया नगद, अवैध देशी तमन्चा .303 बोर व एक जिन्दा कारतूस .303 बोर। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1.श्री आदेश कुमार त्यागी, प्रभारी स्वाट मय स्वाट टीम जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 रामजनम यादव, प्रभारी सर्विलांस मय टीम सर्विलांस जनपद जौनपुर। 3.उ0नि0 अरविन्द यादव, प्रभारी चौकी सिपाह थाना कोतवाली जौनपुर। 4.आफ्ताब आलम प्रभारी चौकी पुरानी बाजार थाना कोतवाली जौनपुर। 5.म0 का0 बिट्टू, म0का0 सुनैना देवी, का0 मेजर, का0 अरुण यादव थाना कोतवाली जौनपुर।

## भाजयुमो ने फूंका पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी का पुतला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब के फिरोजपुर दौरे के दौरान विगत दिनों उनकी सुरक्षा में चूक को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष दिव्यांसु सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष दिव्यांशु सिंह ने पुतला दहन करने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काफिले को गैर जिम्मेदाराना तरीके से 20 मिनट



तक रोक दिया गया था जो एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है। और इस पूरे मामले में पंजाब के मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी चुप्पी साधे हुए हैं। पंजाब के कांग्रेस सरकार की इस हरकत के विरोध में भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के निर्देश पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पंजाब के मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नाी का पुतला दहन का कार्यक्रम किया और पंजाब सरकार को बर्खास्त करने की मांग राष्ट्रपति से की गई। उक्त अवसर पर महामंत्री विकास ओझा, जिला उपाध्यक्ष अजय यादव, जिला कोषाध्यक्ष श्रवण सिंह, सचिन तिवारी, प्रशांत सिंह,आयुष अस्थाना, शिवम राय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कायस्थ समाज की गौरव किरन को दी गयी श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कायस्थ समाज जौनपुर द्वारा स्मृतिशेष किरन श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा नेत्री व समाजसेविका की एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शनिवार 3 बजे बी.आर.पी. इंटर कालेज के 'सभागार में आयोजित किया गया जिसमें जनपद के सभी संस्थाओं के सदस्यों ने पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। उपस्थित लोगो ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित दिया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए संरक्षक आनंद मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि किरन श्रीवास्तव का निधन समाज के लिए गहरी क्षति हुई है जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता। वरिष्ठ अधिवक्ता सरस चन्द श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद में शोक की लहर चल रही हैं जगह जगह श्रंद्धाजलि सभा होने से उनकी लोकप्रियता पता चल रहा है किरन श्रीवास्तव एक मिलनसार मृदुभाषी व लोगो का दुःख दर्द समझने वाली महिला थी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने श्रीमती श्रीवास्तव के बारे में दुःखी मन से अपने अपने विचार व्यक्त किया। श्रंद्धाजलि अर्पित करने वाले में कॉलेज के प्रबंधक दिलीप श्रीवास्तव, इंद्रशेन श्रीवास्तव, नीलमणि श्रीवास्तव, अशोक अस्थाना, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया, संजय अस्थाना, अशोक श्रीवास्तव हाइडिल, रवि श्रीवास्तव, एस सी लाल, प्रदीप श्रीवास्तव, प्रदीप अस्थाना, सुनील अस्थाना, राकेश श्रीवास्तव साधु, राकेश श्रीवास्तव पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, विपनेश श्रीवास्तव, स्वामी विवेकानंद, हैप्पी श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, दीपक, राजेश किशोर, आलोक रंजन, मनीष श्रीवास्तव, आतिश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव गुड्डू, हनी श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव एडवोकेट, डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, मधुलिका अस्थाना, रोली श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, सरद श्रीवास्तव, प्रिंसिपल सुभाष सिंह, रघुवंश सहाय, अजय श्रीवास्तव, बंटू श्रीवास्तव, गणतंत्र श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, श्याम रतन श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष भाजपा, अभिषेक श्रीवास्तव, अमित निगम, सुलभ श्रीवास्तव, गुड्डू श्रीवास्तव।

# आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध – जिला निर्वाचन अधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा आज उत्तर प्रदेश में विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 की घोषणा के उपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा व पुलिस अधीक्षक अजय साहनी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस प्रतिनिधियो से वार्ता करते हुये आदर्श आचार संहिता व निर्वाचन से सम्बन्धित सभी कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद जौनपुर में विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को पारदर्शीपूर्ण, निष्पक्ष व स्वस्थ तरीके से सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन कटिबद्ध हैं। उन्होने कहा कि निर्वाचन की अधिसूचना 10 फरवरी 2022 को, नाम निर्देशन हेतु अंतिम दिनांक 17 फरवरी, नाम निर्देशन की जांच हेतु दिनांक 18 फरवरी, नाम वापसी हेतु अन्तिम दिनांक 21 फरवरी, मतदान 07 मार्च 2022, मतगणना 10 मार्च 2022 एवं 12 मार्च 2022 तक वह दिनांक जिसके पूर्व निर्वाचन पूरी कर लिया जाएगा। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामांकन कक्ष 364– बदलापुर के लिए न्यायालय उप संचालक चकबन्दी, जौनपुर कोर्ट नं. 19, 365–शाहगज के लिए न्यायालय उप जिलाधिकारी (द्वितीय) जौनपुर कोर्ट नं. 16, 366– जौनपुर न्यायालय सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट न. 11, 367–मल्हनी हेतु न्यायालय उप जिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट सदर जौनपुर कोर्ट न. 12, 368 मुंगराबादशाहपुर के लिए न्यायालय उप संचालक चकबंदी जौनपुर कोर्ट नं. 20, 369–मछलीशहर (अ0जा0) न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जौनपुर कोट न. 13, 370–मडियाहूँ न्यायालय सहायक आयुक्त स्टाम्प जौनपुर कोर्ट नं. 15, 371–जफराबाद न्यायालय चकबन्दी अधिकारी सदर जौनपुर कोर्ट नं.17, 372 – केराकत (अ0जा0) न्यायालय उप जिलाधिकारी प्रथम, जौनपुर कोर्ट न. 18 में होगा। उन्होने कहा कि आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन कराया जाएगा। विधानसभा चुनाव के साथ ही कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाना भी हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव आयोग ने 15 जनवरी 2022 तक किसी भी तरह का रोड शो, रैली, साइकिल रैली पद यात्रा आदि पर पूर्णतया रोक लगा दी है। इस दौरान किसी भी राजनैतिक दल व किसी अन्य के द्वारा किसी प्रकार का रैली, रोड शो, जन सभा नही किया जायेगा। उन्होने कहा कि 15 जनवरी 2022 के बाद कोविड–19 की स्थिति के बाद निर्णय लिया जाएगा। उन्होने कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए स्वीप/मतदाता जागरूकता कार्यक्रमो के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा हैं। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा में एक–एक आदर्श बूथ बनाया जाएगा। उन्होने मीडिया बन्धुओ से भी अपील करते हुये कहा समाचार पत्रो व विभिन्न टी0वी0 चौनलो व सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद में आदर्श आचार सहिंता लागू हो गई है। इसके बाद से ही कार्रवाई आरंभ हो गई। बैनर, पोस्टर आदि हटवाने का कार्य करा दिया गया है। यदि कहीं रह गया है तो उसको भी हटा दिया जा रहा है। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि 01 नवंबर 2021 से पांच दिसंबर 2021 तक 35 दिन मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम किया गया। 05 जनवरी 2022 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया, जिसमें वर्तमान में कुल 3480774 मतदाता हैं जिसमें 1810105 पुरूष एवं 1670525 महिला मतदाता, 21240 दिव्यांग मतदाता और 80 वर्ष से अधिक उम्र के 46520 मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चुनाव सर्विस मतदाता 4064 व अन्य 144 मतदाता भी अहम भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही क्रिटिकल और वल्नरेबल हेमलेट बूथ चिन्हित किये गये हैं। चुनाव के दौरान उम्मीदवार लगभग 40 लाख रुपया खर्च कर सकेंगे। निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिये कुल 2144 मतदान केन्द्र व 3936 मतदेय स्थल बनाये गये हैं। जनपद में चुनाव को सम्पन्न कराने के लिये 32 जोनल मजिस्ट्रेट व 261 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी हैं। आचार संहिता को सुचारू पालन कराने के लिये जनपद में एम0सी0सी0 टीम, मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति, उड़नदस्ता तथा स्थायी निगरानी टीमों का गठन किया गया। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि चुनाव सम्पन्न कराने के लिये जो कर्मचारियो को लगाया गया है उन कर्मचारियों को प्रथम डोज लगभग 90 प्रतिशत निर्वाचन कर्मियो को प्रथम व द्वितीय डोज लगभग 56 प्रतिशत का वैक्सीनेशन हो गया है शेष कर्मचारियो का वैक्सीनेशन एक दो दिन में सम्पन्न करा लिया जायेगा। उन्होने सभी से अपील करते हुये कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन कड़ाई से कराया जायेगा। राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो से अपील करते हुये जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि सरकार सम्पत्ति यथा भवनों सहित अन्य सरकारी सम्पत्तियों पर किसी भी प्रकार का बैनर पोस्ट न लगाये यदि किसी द्वारा लगाया गया हो तो उसे स्वयं हटवा लें अन्यथा जिला प्रशासन के द्वारा हटवाये जाने पर सम्बन्धित को नोटिस भेजते हुये आने वाले व्यय की वसूली की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर ईवीएम के साथ वीवीपैट का प्रयोग किया जाएगा। रात्रि 8:00 बजे से प्रातः 8:00 बजे तक की अवधि में कोई भी अभियान नहीं किया जा सकता है। सुविधा पोर्टल राजनीतिक दलों के प्रचार प्रसार संबंधी अनुमति प्राप्त करने हेतु प्रयोग सुविधा पोर्टल प्रयोग किया जा सकता है। घर–घर जाकर प्रचार अभियान चलाना किसी भी अन्य प्रतिबंधों के अधीन जिनमें मौजूदा कोविड–19 दिशा–निर्देश शामिल हैं, अभ्यर्थी सहित पांच व्यक्तियों के एक समूह को घर–घर जाकर प्रचार कराने की अनुमति है। कोविड गाइडलाइन का अनुपालन न करने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता पहचान पत्र का प्रयोग किया जाएगा। यदि किसी के पास पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो आयोग के निर्देशानुसार मतदाता पर्ची के साथ अतिरिक्त अन्य विकल्प में से कोई एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पैन कार्ड, फोटोयुक्त पासबुक/डाकघर, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों/ विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थियों को जमानत के रूप में सामान्य अभ्यर्थी 10,000 एवं अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी को 5000 नामांकन के साथ शुल्क के रूप में ट्रेजरी चालान द्वारा जमा किया जाना है। पुलिस अधीक्षक अजय साहनी द्वारा बताया गया कि चुनाव की सभी तरह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है बाहर से भारी मात्रा में पुलिस फोर्स, पैरामिलिट्री फोर्स मंगा लिए गए हैं। मतदान में लगने वाले पुलिस कर्मियों का टीकाकरण कराया जा चुका है। उन्होंने निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि ऐसे अभ्यर्थी जिनके विरुद्ध आपराधिक मामले हैं या जिनमें दोषसिद्ध हो गये हैं उन्हें 03 बार समाचार पत्रों टी०वी० में प्रकाशन (फार्मेट सी–1) पर (प्रथम) नामांकन वापसी की तिथि की 04 दिन के अन्दर (द्वितीय) अभ्यर्थिताये वापस लेने की तिथि से 05 और 08 वे दिवस के अन्दर (तृतीय) मतदान दिवस के 02 दिन पूर्व प्रकाशन की सूचना दिया जाना है। ऐसे राजनैतिक दल द्वारा नामित अभ्यर्थियों के आपराधिक मामलों का प्रकाशन 03 बार समाचार पत्रों, टी०पी० में प्रकाशन (फार्मेट सी–2) पर (प्रथम) नामांकन वापसी की तिथि 04 दिन के अन्दर (द्वितीय) अभ्यर्थिताये वापस लेने की तिथि से 05 और 08वें दिवस के अन्दर (तृतीय) मतदान दिवस के 02 दिन पूर्व प्रकाशन की सूचना दिया जाना है तथा प्रारूप–सी–5 पर सूचना निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिन के अन्दर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्रेषित की जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा उसके विरुद्ध आपराधिक मामलों के प्रकाशन कराये जाने पर हुए व्यय की सूचना प्रारूप–सी–4 पर सूचना रिटर्निंग आफिसर को निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिवस के अन्दर प्रस्तुत किया जाना। राजनैतिक दलों द्वारा अभ्यर्थियों के विरुद्ध आपराधिक मामलों के प्रकाशन कराये जाने पर हुए व्यय की सूचना प्रारूप–सी–5 पर सूचना मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिवस के अन्दर प्रस्तुत किया जाना। राजनैतिक दलों द्वारा अभ्यर्थियों के आपराधिक मामलों वाले व्यक्तियों को अभ्यर्थी बनाये जाने के कारण प्रारूप–सी–7 पर समाचार पत्रों सोशल मीडिया एवं पार्टी वेबसाइट पर राजनैतिक दल द्वारा अभ्यर्थियों के चयन के 48 घंटे के अन्दर अथवा नामांकन के प्रथम दिवस से 02 सप्ताह पूर्व प्रकाशित कराया जाना है तथा उक्त की अनुपालन आख्या प्रारूप–सी–8 पर उम्मीदवारों के चयन के 72 घंटे के अन्दर भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित की जानी है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी द्वय रामप्रकाश, रजनीश राय, नगर मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु नागपाल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी सहित प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ किया बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विस्तार से नामांकन के संबंध में राजनीतिक दलों को जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि त्रुटि रहित मतदाता सूची प्रकाशित की गई है यदि किसी मतदाता का नाम छूट गया है तो अपना नाम चेक कर ले जिसे पुनः जोड़ने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयोग की मंशा है कि कोई भी मतदाता छूटे न। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा सुविधा एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि सुविधा ऐप के माध्यम से नामांकन करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद जौनपुर में विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को पूरी पारदर्शी, निष्पक्ष व स्वस्थ तरीके से सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन कटिबद्ध हैं। निर्वाचन की अधिसूचना 10 फरवरी 2022 को, नाम निर्देशन हेतु अंतिम दिनांक 17 फरवरी, नाम निर्देशन की जांच हेतु दिनांक 18 फरवरी, नाम वापसी हेतु अन्तिम दिनांक 21 फरवरी, मतदान 07 मार्च 2022, मतगणना 10 मार्च 2022 एवं 12 मार्च 2022 तक वह दिनांक जिसके पूर्व निर्वाचन पूरी कर लिया जाएगा। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामांकन कक्ष 364– बदलापुर के लिए न्यायालय उप संचालक चकबन्दी, जौनपुर कोर्ट नं. 19, 365–शाहगज के लिए न्यायालय उप



जिलाधिकारी (द्वितीय) जौनपुर कोर्ट नं. 16, 366– जौनपुर न्यायालय सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट न. 11, 367–मल्हनी हेतु न्यायालय उप जिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट सदर जौनपुर कोर्ट न. 12, 368 मुंगराबादशाहपुर के लिए न्यायालय उप संचालक चकबंदी जौनपुर कोर्ट नं. 20, 369–मछलीशहर (अ0जा0) न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जौनपुर कोट न. 13, 370–मडियाहूँ न्यायालय सहायक आयुक्त स्टाम्प जौनपुर कोर्ट नं. 15, 371–जफराबाद न्यायालय चकबन्दी अधिकारी सदर जौनपुर कोर्ट नं.17, 372 – केराकत (अ0जा0) न्यायालय उप जिलाधिकारी प्रथम, जौनपुर कोर्ट न. 18 में होगा। उन्होने कहा कि आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन कराया जाएगा। विधानसभा चुनाव के साथ ही कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाना भी हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव आयोग ने 15 जनवरी 2022 तक किसी भी तरह का रोड शो, रैली, साइकिल रैली पद यात्रा आदि पर पूर्णतया रोक लगा दी है। इस दौरान किसी भी राजनैतिक दल व किसी अन्य के द्वारा किसी प्रकार का रैली, रोड शो, जनसभा नही किया जायेगा। उन्होने कहा कि 15 जनवरी 2022 के बाद कोविड–19 की स्थिति के बाद निर्णय लिया जाएगा। उन्होने कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए स्वीप/मतदाता जागरूकता कार्यक्रमो के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा हैं। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा में एक–एक आदर्श बूथ बनाया जाएगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, समस्त उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## थाना गौराबादशाहपुर पुलिस ने अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के कुशल पर्यवेक्षण में गौराबादशाहपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 09.01.2022 को एकरामगंज पुलिया आजमगढ़ मार्ग पर एक देशी नाजायज तमन्चा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ एक अभियुक्त पवन उपाध्याय पुत्र ब्रह्मदेव उपाध्याय निवासी ग्राम बिथार थाना



गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0–04/2022 धारा–3/25 आयुध अधिनियम बनाम पवन उपाध्याय उपरोक्त पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1.पवन उपाध्याय पुत्र ब्रह्मदेव उपाध्याय निवासी ग्राम बिथार थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. एक अवैध तमन्चा .315 बोर मय 01 कारतूस .315 बोर। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0स0–04/2022 धारा–3/25 आयुध अधिनियम थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.उ0नि0 आशीष कुमार पाण्डेय, थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 2.हे0का0 विनोद कुमार यादव थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर। 3. का0 काशीनाथ यादव थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर।

# थाना शाहगंज पुलिस ने प्रतिबन्धित मांस व अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में उ0नि0 श्री सदानन्द सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम भरौली नहर पुलिया के पास से घेराबन्दी कर एक अभियुक्त सुबहान कुरैशी पुत्र हफीजुल्ला निवासी अरन्द थाना शाहगंज जौनपुर को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से लगभग 35 किलोग्राम प्रतिबन्धित मांस तथा एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियोग मु0अ0सं0–10/2022 धारा–3/5/8 गो0नि0 अधिनियम तथा मु0अ0सं0–3/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी से इस प्रकार के अपराध पर अंकुश लगेगा। अभियुक्त का नाम पताः– 1. सुबहान कुरैशी पुत्र हफीजुल्ला निवासी अरन्द थाना शाहगंज जौनपुर। अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः– 1.मु0अ0सं0–010/2022 धारा–3/5/8 गो0नि0 अधिनियम थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–011/2022 धारा– 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरणः– 1.35 किलोग्राम प्रतिबन्धित गोमांश 2.एक देशी तमंचा व कारतूस 3. एक मो0सा0 हीरो पैशन प्रो। गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1. उ0नि0 श्री सदानन्द सिंह थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.का0 मुरलीधर यादव, का0 सुरेश कुमार, का0 सुरेन्द्र कुमार बर्मा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## शिक्षा एवं रोजगार की दुर्दशा : बादल चोपड़ा



आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश कोचिंग संघ के अध्यक्ष बादल चोपड़ा ने एक भेंटवार्ता में कहा कि वर्तमान में शिक्षा की जो दुर्दशा हैं, उसका मूलभूत कारण शिक्षकों का राजनीति से दूर चला जाना है। हमें राजनीति में नहीं पड़ना यह कहकर जब एक वर्ग राजनीति से परे चला जाता है तब देश उन अशिक्षित वर्ग के हाथ में अपने आप चला जाता है जिसे शिक्षा का महत्व नहीं पता। एक शिक्षक सृष्टि का निर्माता भी होता है और विनाशक भी... और दूसरा सत्य यह है कि बिना छात्रों के शिक्षक, शिक्षक हो ही नहीं सकता। बिना शिक्षा तथा रोजगार के देश की दिशा व दशा नहीं बदली जा सकती। उत्तर प्रदेश कोचिंग संघ ने प्रथम पायदान पर यह निर्णय लिया है कि जो भी राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्र में शिक्षा तथा रोजगार को प्रमुखता से स्थान देगा और पक्का वादा करेगा उसके साथ प्रदेश के समस्त शिक्षक व छात्र होगे। द्वितीय पायदान पर एलान करते हैं कि फिर प्रत्येक सीट से विधायक शिक्षक ही होगा।

## थाना सरपतहां पुलिस ने शान्ति भंग की सम्भावना पर 8 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा आगामी विधान सभा चुनाव को शान्तिपूर्ण सकुशल सम्पन्न कराएं जाने व अपराध एवं अपराधियों के विरुध्द चलाएं जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री अंकित कुमार पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09.01.2021 को उ0नि0 धुरेन्द्र प्रसाद व उ0नि0 अशोक कुमार द्वारा अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी के तहत 08 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके चालान मा0न्यायालय किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1.प्रहलाद पुत्र स्व0 हरीवंश निवासी ग्राम भटौली थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 2.शिवपूजन पुत्र हरिवंश निवासी ग्राम भटौली थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 3.विकाश पुत्र रामलखन निवासी ग्राम बिरैली थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 4. ओमप्रकाश पुत्र सीताराम निवासी ग्राम बिरैली थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 5.सीता राम पुत्र स्व0 फिरतू निवासी ग्राम बिरैली थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 6.ओमप्रकाश पाण्डे पुत्र स्व0 हरिहर प्रसाद निवासी सुकर्णाकला थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 7.जयप्रकाश पाण्डेय पुत्र स्व0 हरिहर प्रसाद निवासी सुकर्णाकला थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 8.दिनेश पाण्डेय पुत्र स्व0 राम आसरे पाण्डेय निवासी सुकर्णाकला थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.उ0नि0 धुरेन्द्र प्रसाद थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 अशोक कुमार थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 पवन कुमार थाना सरपतहां जनपद जौनपुर।

# थाना बरसठी पुलिस ने अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रामसरीख गौतम मय हमराह द्वारा ग्राम निगोह से एक अभियुक्त को 01 तमंचा के साथ गिरफ्तार कर मु0अ0स0–04/22 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–1.शिवम शुक्ला पुत्र राजेश शुक्ला निवासी जमुनीपुर थाना बरसठी जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0स0 04/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बरसठी जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 01 तमंचा मय एक मिस कारतूस व एक मोटर साइकिल। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.श्री रामसरीख गौतम, थानाध्यक्ष थाना बरसठी जौनपुर। 2.उ0नि0 संजय कुमार यादव, थाना बरसठी जौनपुर। 2.का0 बलवन्त प्रसाद, थाना बरसठी जौनपुर। 3.का0 हरीश कुमार. थाना बरसठी जौनपुर।

# डीएम ने प्रेस वार्ता की बैठक में जनप्रतिनिधियों को पढ़ाया आदर्श आचार संहिता का पाठ

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम नीतीश कुमार व एसएसपी शैलेश पांडेय की प्रेसवार्ता।जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार का बयान।आचार संहिता के अनुपालन में प्रचार–प्रसार की सामग्री को हटवाया जा रहा है। 24 घंटे में सरकारी भवनों से, 48 घंटे में सार्वजनिक स्थानों से व 72 घंटे में निजी भवनों से प्रचार सामग्री हटाने के निर्देश। जनपद अयोध्या में पाँचवे चरण में चुनाव। सभी पांचों विधानसभा में चुनाव की प्रक्रिया कराई जा रही है सुनिश्चित। चुनाव में कोविड प्रोटोकाल का पूरा ध्यान।बूथों पर रखे जाएंगे मास्क हैंड ग्लव्स व सेनेटाइजर।सभी लोगों को वैक्सीन की प्रथम व द्वितीय डोज जल्द से जल्द देने का प्रयास। महिला सशक्तिकरण के तहत कुछ बूथों पर महिलाओं द्वारा शत–प्रतिशत किया जाएगा संचालन। कुछ बूथों पर दिव्यांग भी करेंगे संचालन।उनको प्रोत्साहित करके लाया जाएगा बूथों पर।15 जनवरी तक रैली व रोड शो पर प्रतिबंध।15 जनवरी के बाद चुनाव आयोग के निर्देश का किया जाएगा पालन। नामांकन के दौरान प्रत्याशी के साथ केवल रहेंगे दो व्यक्ति। एसएसपी शैलेश पांडे का बयान। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध। अशांति फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस कर रही कार्रवाई।107/16 की कार्रवाई।अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई।अवैध शराब अवैध असलहे व मादक पदार्थों का व्यापार करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई हो रही सुनिश्चित। उन्हें गिरफ्तार कर भेजा रहा जेल। अयोध्या जनपद के 5 विधानसभा चुनाव के लिए 1 फरवरी को जारी होगी अधिसूचना। नामांकन के लिए 8 फरवरी होगा अंतिम दिन। जांच प्रक्रिया 9 फरवरी को। नाम वापसी की अंतिम तिथि 11 फरवरी। 27 फरवरी होगा मतदान। रुदौली विधानसभा के लिए न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट के कार्यालय पर होगा नामांकन। मिल्कीपुर के लिए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय पर होगा नामांकन। बीकापुर के लिए न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय पर होगा नामांकन। अयोध्या के लिए न्यायालय एसडीएम सदर के कार्यालय पर होगा नामांकन।गोसाईगंज के लिए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन के कार्यालय पर होगा नामांकन।

# शासन के मंशानुरुप कार्य करना नवागत महिला थाना प्रभारी शिखा शुक्ला की प्रथम प्राथमिकता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शासन के मंशानुरूप कार्य करना व महिलाओं की समस्याओ का त्वरित निस्तारण करना नवागत महिला थाना प्रभारी शिखा शुक्ला की प्रथम प्राथमिकता रहेगी।एक खास मुलाकात में उन्होने बताया कि महिला थाना अयोध्या पर आने वाली महिलाओं की शिकायतों का शीघ्र से शीघ्र निस्तारण करना उनकी प्रथम प्रयास होगी।उन्होंने यह बातें एनबीसी चौनल व देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव से खास मुलाकात में कहीं। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि महिलाओं की समस्याओं के साथ–साथ छात्राओं व लड़कियों के साथ होने वाले आपराधिक गतिविधियों पर भी अंकुश लगाना उनके प्रथम प्राथमिकता में शामिल है।इस दौरान उन्होंने बताया कि पुलिस उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर जहां बीच–बीच में मिशन शक्ति अभियान के तहत कोरोना काल के बाद जगह–जगह स्कूल कॉलेजों गांव में महिलाओं लड़कियों व छात्राओं को को जागरूक करने के एक अभियान चलाया जाएगा वही इसी और कोरोना काल के दौरान लोगों को मास्क सैनिटाइजर व सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए भी जागरूक किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस दौरान जो इसका पालन करते नहीं पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।नवागत महिला थाना प्रभारी शिखा शुक्ला ने बताया कि उनकी पहली तैनाती वर्ष 1999 में अयोध्या जनपद में हुई थी।उसके बाद उनकी तैनाती सुल्तानपुर अंबेडकरनगर अमेठी रायबरेली उन्नाव



सहित अन्य जिलों में भी रही।उसके पश्चात एक बार पुनः उनकी तैनाती अयोध्या जनपद में हुई।उनके कुशल अनुभव व कार्यकुशलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने उनको अयोध्या जनपद में महिला थाना का प्रभार सौंपा है।बहराइच जनपद की मूल निवासी व नवागत महिला थाना प्रभारी शिखा शुक्ला ने बताया कि इस समय जहां एक ओर महिलाओं लड़कियों की सुरक्षा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी थाने पर आने वाले फरियादियों खासकर महिलाओं की समस्याओं का तुरंत निपटारा किया जाएगा।वहीं इसी कड़ी में उन्होंने अराजक तत्वों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपने हरकतों से बाज आएं अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## कोरोना का कहर जारीः चुनाव की गतिविधियां तेज

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।जनवरी महीने में मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है, कड़ाके की ठंड धीरे–धीरे बढ़ती नजर आ रही है तो वही कोरोना की काली छाया लगातार तीसरे वर्ष अपने पांव पसार रही है। एक तरफ कोरोना का कहर जारी है तो वही चुनाव की गतिविधियां तेज हो रही है। चुनाव की तिथियां आ गई है सभी पार्टी के नेता अपनी अपनी पार्टी की जीत के दावेदारी करने में लगे हैं। कड़ाके की ठंड ने विधान सभा चुनाव का माहौल गर्म कर दिया है। हर दुकान, चौराहों पर पर लोगों की जुबान पर कोरोना की मार व चुनावी प्रचार पर चर्चा हो रही है। इन हालातों में किस तरह कोरोना के कहर से बच के लोग चुनावी माहौल में भागीदारी कर सकेंगे। फिलहाल सभी को उम्मीदवारों के नाम की घोषणा का इंतजार है। चुनाव आयोग के लिए कोरोना कहर में चुनाव को संपन्न कराना यह किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा।

## अवध विवि व सम्बद्ध महाविद्यालयों 10 से 16 जनवरी तक संचालित होगी ऑनलाइन कक्षाएं

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को 10 जनवरी से 16 जनवरी तक भौतिक रूप से बन्द कर दिया है। इस अवधि में पठन–पाठन का कार्य ऑनलाइन संचालित होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव उमानाथ ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत उच्च शिक्षण संस्थानों को संचालित किए जाने के दिए गए दिशा–निर्देश के क्रम में विशेष सर्तकर्ता बरतने का निर्देश प्रदान किया गया है। इसी क्रम में कुलपति के आदेश के अनुपालन में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय 10 जनवरी से 16 जनवरी, 2022 तक भौतिक रूप से बन्द रहेंगे। पठन–पाठन का कार्य ऑनलाइन संचालित होता रहेगा। इस अवधि में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं संचालित होती रहेगी।

# विभाग की लचर सेवा से दूर संचार के अस्तित्व पर लगा प्रश्न चिन्ह

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)कहा तो था उजाला शहर के लिएमगर मयस्सर नहीं रोशनी हर घर के लिए।किसी शायर की यह पंक्तियां दूरसंचार विभाग की कार्य शैली पर सटीक बैठ रही हैं।सरकार की मंशा थी कि शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में संचार क्रांति का लाभ पहुंचाया जाए और उसने इस नीति को अमली जामा पहनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार केंद्रों की स्थापना की,जिससे उपभोक्ताओं को अच्छी सुविधा मिले किन्तु इन केंद्रों को सुचारू संचालन न हो पाने के कारण इन केंद्रों की उपादेयता पर सवालिया निशान लग गया है।यह स्थिति है मवई ब्लॉक के अन्तर्गत दूरभाष केंद्रों की जिसके तहत स्थापित यह दूरसंचार केंद्रों पर नियुक्त कर्मचारियों की निरंकुशता के कारण शो पीस बन कर रह गए हैं।ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इसे वरदान कहा गया,क्यों कि डाक विभाग के घटते काम काज से अब सारी आर्थिक व्यावसायिक,राजनीतिक,संदेशों व सूचनाओं का आदान प्रदान इसी पर निर्भर हो गया है। प्राइवेट सेक्टर से लेकर सरकारी काम काज आज नेट से ही हो रहा है।अतः ग्रामीण क्षेत्रों से खाड़ी देशों में रहने वाले लोग भी अपने सगे संबंधियों से इसी के माध्यम से संवाद करते हैं किन्तु ब्लॉक के अन्तर्गत स्थापित नेवरा,मवई,बाबा बाजार दूर भाष केंद्रों के तमाम उपभोक्ता बीएसएनएल की बाधित सेवा से त्रस्त हो चुके हैं।बता दें कि करीब एक हफ्ते से दूरभाष केंद्रों की अव्यवस्था व कर्मचारियों की निरंकुशता से आए दिन नेटवर्क सिस्टम बाधित रहता है।बीएसएनएल की सेवाएं बिल्कुल बनिए की दुकान बन गई हैं।क्यों कि इस पर तैनात कर्मचारियों की मन मर्जी से दूरसंचार केंद्र खुलता व बंद होता है,सूत्रों के हवाले से यह भी पता चला है कि ब्लॉक मवई क्षेत्र के अन्तर्गत तीन बीएसएनएल केंद्र आते हैं और उन तीनों दूरभाष केंद्रों की जिम्मेदारी केवल एक ही कर्मचारी पर निर्भर है।इसका पूरा फायदा उठाते हुए कर्मचारी अपने मन मर्जी से इन केंद्रों पर आते जाते हैं। जिसका परिणाम है कि आज बीएसएनएल की सेवाएं सबसे बदतर है। दूर संचार की इस ज्वलंत समस्या के निराकरण के लिए उच्च अधिकारियों द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा जिससे बीएसएनएल उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

## नामांकन में सिर्फ दो लोगों को मिलेगी जाने की अनुमति–नितीश कुमार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) निर्वाचन आयोग से जारी विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दी। पत्रकार वार्ता में बताया कि जिले की सभी पांच विधानसभा सीट के लिए मतदान पांचवें चरण में 27 फरवरी को होगा।एक फरवरी से शुरू नामांकन प्रक्रिया की अंतिम तिथि आठ फरवरी है। नौ फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी, 11 फरवरी को नाम वापसी है। मतगणना 10 मार्च को है। नामांकन में प्रत्याशी के साथ सिर्फ दो लोगों को जाने की अनुमति होगी। प्रत्याशी नामांकन में दो वाहन ही प्रयोग में ला सकेंगे। आयोग ने पहली बार आनलाइन नामांकन की सुविधा भी प्रत्याशियों को दी है। निर्वाचन अधिकारी कक्ष में ही नामांकन संबंधी सारी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी। आयोग ने पहली बार दिव्यांग व 80 वर्षीय वृद्ध के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा दी है। जिले को 25 जोन और 193 सेक्टर में बंटा गया है।271–रुदौली विधानसभा सीट के लिए नामांकन न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट में उप जिलाधिकारीध निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल यादव कराएंगे। 273–मिल्कीपुर (अजा) सीट के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व कोर्ट में निर्वाचन अधिकारी दिग्विजय प्रताप सिंह, 274–बीकापुर सीट का नामांकन बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कोर्ट पर निर्वाचन अधिकारी अनुराग प्रसाद, 275–अयोध्या विधानसभा क्षेत्र का नामांकन न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर में निर्वाचन अधिकारी रामकुमार शुक्ल एवं 276–गोसाईंगंज सीट के लिए नामांकन अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन कोर्ट पर निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव कराएंगे।




जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के समस्त उपबंध आठ जनवरी से प्रभावी हैं।निर्वाचक नामावलियों अंतिम प्रकाशन के समय पुरुष मतदाताओं की संख्या नौ लाख 80 हजार 11 एवं महिला मतदाताओं की संख्या आठ लाख 65 हजार 163 है। कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 45 हजार 305 है। 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाता 20 हजार 16 है। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 11 हजार 119 है। 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता 32 हजार 769 हैं।जिले में एक हजार 131 कुल मतदान केंद्र हैं। शहरी मतदान केंद्र 118, ग्रामीण मतदान केंद्र एक हजार 13 हैं। कुल मतदेय स्थलों की संख्या दो हजार 168 हैं, जिसमें शहरी 359 एवं ग्रामीण मतदेय स्थलों की संख्या एक हजार 809 हैं।जिले को 25 जोन, 193 सेक्टर में बांटा गया है। 334 क्रिटिकल मतदेय स्थल हैं। सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए दो हजार 168 रैंप है। वेबकास्टिंग के लिए एक हजार 84 मतदेय स्थल चिन्हित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम स्तर के परीक्षण में खराब मिली ईवीएम–वीवी पैट को बेंगलुरू भेजा गया है। चुनाव के दौरान 15 उड़नदस्ता, 17 स्थायी निगरानी टीम, 115 वीडियो निगरानी टीम, 15 वीडियो अवलोकन टीम, पांच लेखा टीम, पांच सहायक व्यय प्रेक्षक, छह आदर्श आचार संहिता टीम और एक पेड न्यूज टीम बनाई गई है।

# महान दार्शनिक और पराक्रमी योद्धा थे गुरु गोविंद सिंह–नवदीप रिनवा

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)रविवार को राम नगरी में सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव की छटा बिखरी खिड़की अली बेग स्थित गुरुद्वारा दुखनिवारण में भजन–कीर्तन के साथ प्रकाश उत्सव मनाया गया हरियाणा से आए बाबा अमरजीत सिंह भोला भाई सुरेंद्र सिंह खालसा एवं साथी सिख संगत के लोगों के रागी जत्थे ने शबद कीर्तन और भजन प्रस्तुत कर भक्ति भाव का संचार किया गुरुबानी सुनाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। गुरुद्वारा दुखनिवारण से रविवार को श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जन्मोत्सव पर गुरुद्वारा दुख निवारण में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके बाद गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया व पंज प्यारे की अगुवाई में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया नवागत मंडलायुक्त आईएएस अधिकारी नवदीप रिनवा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आदरणीय माताओं और बहनों और प्रिय भाइयों आज हम खालसा पंथ के संस्थापक दशम पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 355 वे प्रकाश पर्व के अवसर पर श्रद्धा पूर्वक सत्कार अर्पित करने खिड़की अली बेग स्थित गुरुद्वारा दुखनिवारण में एकत्रित हुए हैं श्री गुरु गोविंद सिंह जी एक महान दार्शनिक प्रख्यात कवि और पराक्रमी योद्धा थे उनके परिवार की तीन पीढ़ियों ने इस राष्ट्र और समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी पहले उनके पिता गुरु श्री तेग बहादुर सिंह जी ने कश्मीरी पंडितों की धर्म रक्षा में अपना जीवन बलिदान किया उसके बाद गुरु गोविंद सिंह जी के चार पुत्रों ने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया । साहिबजादा अजीत सिंह और साहिबजादा जुझार सिंह ने युद्ध में वीरगति पाई और साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह ने अपना धर्म परिवर्तन करने की बजाय सरहिंद में जीवित दीवार में चुना स्वीकार किया अंत में गुरु गोविंद सिंह जी ने नांदेड़ महाराष्ट्र में अपनी अंतिम सांस ली थी गुरु गोविंद सिंह जी ने देश के विभिन्न हिस्सों से अलग–अलग जाति के पांच व्यक्तियों को चुनकर जिस प्रकार उनको अमृत छका कर पंज प्यारा बनाया उससे जाति पाति से ऊपर उठकर समाज को संगठित करने की उनकी सोच के बारे में पता चलता है अपने पुत्रों के वीरगति प्राप्त होने पर उन्होंने कहा था इन पुत्रन के शीश पर वार दिए सुत चार । 4 मुए तो क्या हुआ जीवित कई हजार । श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा वाणी ' वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह' स्थापित की श्री गुरु गोविंद सिंह ने कहा' देहि शिवा वर मोहे शुभ कर्मन ते कबहु न टरूं' यानी हम अच्छे कर्मों से कभी पीछे न हटे परिणाम भरे ही चाहे जो भी हो आज जरूरत है कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम सभी राष्ट्र समाज में भाईचारे को मजबूत करें आइए उनकी जयंती पर हम सब यह प्रेरणा लेकर आगे बढ़े । इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के राजेंद्र सिंह छाबड़ा, प्रति पाल सिंह, अमनदीप सिंह,मंडलायुक्त नवागत मंडलायुक्त आईएएस अधिकारी नवदीप रिनवा, एसएसपी शैलेश पांडे, एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर, राजनीतिक क्षेत्र से पूर्व सांसद निर्मल खत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह, विधायक शोभा सिंह चौहान, विधायक गोरखनाथ बाबा, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, भाजपा नेता सुनील शास्त्री, समाजसेवी विकास श्रीवास्तव,श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड सपा पार्षद जगत नारायण यादव, पार्षद प्रतिनिधि अभय श्रीवास्तव, शैलेंद्र अवस्थी, संतोष सिंह, विपणन अधिकारी सत्येंद्र सिंह, पूर्व मंत्री श्री नारायण पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# चार वर्षों में बना ओवरब्रिज का जल्दबाजी में हुआ उद्घाटन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनाव के नजदीक आते ही नेताओं को आचार संहिता का डर सताने लगा।इसी कड़ी में 7 जनवरी को रूदौली में रेलवे क्रासिंग के ऊपर निर्माणाधीन ओरवब्रिज का उद्घाटन सेतु निगम सभापतिधविधायक रामचंद्र यादव ने किया।बीते चार वर्षों से विकास की गढ़ जोड़ रहा रूदौली का एक मात्र ओवरब्रिज अब भी अधूरा है लेकिन जल्दबाजी में इसका उद्घाटन 7 जनवरी को हुआ।स्थिति यह है कि आधे अधूरे ओवरब्रिज को रंग–रोगन कर उद्घाटन कर दिया गया है।दरअसल रूदौली में चार वर्षो से बन रहे ओवरब्रिज की समय सीमा को लेकर जनता में जमकर आक्रोश था इसे लेकर बीते दिनों विरोध भी किया गया था।जिसके बाद क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव ने मौके का मुआयना कर 7 जनवरी को ओवरब्रिज के उद्घाटन की घोषणा कर दी थी।लेकिन जब इसका इस संवाददाता द्वारा मौका मुआयना किया गया तो ओवरब्रिज कई जगह से अधूरा था।रूदौली रेलवे क्रासिंग पर बन रहे ओवरब्रिज में एक भी सीढी नहीं लगाई गई है।जबकि रेलिंग का काम भी अभी अधूरा है।इसी तरह ब्रिज में रंगाई–पुताई का काम भी अधूरा है।डामरीकरण की बात करें तो डामरीकरण से गिट्टी निकलना शुरू हो गया है और डामरीकरण भी अधूरा है।ओवरब्रिज के नीचे की सर्विस सडक का बहुत बुरा हाल है बडे बडे गड्ढे दुर्घटना को दावत दे रहे है जगह जगह जल भराव है खैरनपुर ताकिया गांव के आवागमन के लिए ग्रामवासियो को अनेको समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है रेलवे क्रासिंग के बगल स्थित आदर्श विद्यालय के बच्चो को आने जाने मे किचड,गड्ढे,जलभराव आदि मुसीबत बने हुए है इन सभी समस्याओ से गुजर कर बच्चे विद्यालय पहुंचते है।ओवरब्रिज के ऊपर डामरीकरण एक सार न होने की वजह से दुर्घटना हो सकती है।वहीं जल निकासी के लिए प्लंबिंग का काम भी अधूरा है।इस जल्दबाजी में अब लोग भी यही कह रहे हैं कि जब रूदौली की जनता ने चार साल इंतजार कर लिया तो एक माह और इंतजार कर लेते।लेकिन इस ओवरब्रिज को पूरी मरम्मत और पूरे स्वरूप के साथ उद्घाटन करना चाहिए था।लेकिन जल्दबाजी में हो रहे निर्माण कार्य को देखर ऐसा लग रहा है कि ओवरब्रिज में अब गुणवत्तापूर्ण काम कर खानापूर्ति की जा रही है।

# कायस्थ समाज ने सपा में आस्था जताते हुये ग्रहण की सदस्यता

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले में समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर पूर्व मंत्री बार एसोसिएशन फैजाबाद के आलोक खरे व पूर्व उपमंत्री साकेत महाविद्यालय बिमलेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोगो ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की,महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने पार्टी का झंडा सौंपकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई, कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मिसम ने किया,इस मौके पूर्व मंत्री ने कहा कि आज कायस्थ समाज के जिम्मेदार साथियों ने पार्टी की सदस्यता लेकर पार्टी को मजबूत किया है, कायस्थ समाज का देश के विकास और देश की साझा संस्कृति बनाये रखने में विशेष योगदान रहा है।महानगर अध्यक्ष ने कहा कि आज के मौजूदा हालात में बेरोजगारी, महँगाई से त्रस्त होकर मध्यमवर्गीय समाज का रुझान समाजवादी पार्टी की तरफ है, महानगर अध्यक्ष ने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगो का माला पहनाकर स्वागत किया।सपा पार्टी की सदयस्ता ग्रहण करने वालो में जितेन्द्र श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव,आनंद श्रीवास्तव, परविंदर श्रीवास्तव, अशवनी श्रीवास्तव, शिखर श्रीवास्तव,जय प्रकाश भारती प्रधान, रोहित, धीरज,दिनेश ,सचिन कुमार,अनिल सोनकर,मो फकीब, हयात हुसैन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए ।महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि इस मौके पर पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, पूर्व प्रदेश सचिव मो हलीम पप्पू,महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव,मंसूर इलाही,विधानसभा प्रभारी मनोज जयसवाल,के पी सिंह,अखिलेश पांडे, योगेश श्रीवास्तव, मनीष सक्सेना,अर्जुन यादव सोमू,अर्जुन यादव, सुरेंद्र यादव प्रधान, शाहबाज लकी, अंसार अहमद बब्बन, मकसूद भोलू, मौजूद थे।

# कोविड प्रबंधन हेतु गठित उच्चस्तरीय टीम

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)कोविड से बचाव के लिए अति उपयोगी टीकाकरण का कार्य प्रदेश में सुचारु रूप से चल रहा है। उत्तर प्रदेश एकमात्र राज्य है जहां अब तक 21 करोड़ 22 लाख से अधिक कोविड टीके लगाए जा चुके हैं। टीके की उपयोगिता को देखते हुए जल्द से जल्द सभी पात्र लोगों का वैक्सीनेशन किया जाए। अधिकाधिक स्कूलों में विशेष शिविर लगाए जाएं।10 जनवरी से दी जाने वाली प्री–कॉशन डोज भारत सरकार द्वारा तय पात्रता के अनुरूप ही लगाई जाए। निराश्रित लोगों, अकेले रह रहे बुजुर्ग जनों, दिव्यांगजनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। यदि किसी के पास राशन कार्ड भी नहीं है तो उन्हें दोनों समय फूड पैकेट उपलब्ध कराए जाएं। ऐसे व्यक्ति यदि संक्रमित होते हैं तो उनके साथ अतिरिक्त संवेदनशीलता का भाव रखा जाए। पुलिस, राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की टीम इनके समुचित इलाज, भोजन आदि की व्यवस्था जरूर करे। विगत 24 घंटों में 02 लाख 20 हजार 496 कोरोना टेस्ट किये गये, जिसमें 6,411 नए कोरोना पॉजिविट पाए गये। इसी अवधि में 171 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। सावधानी और सतर्कता ही कोविड नियंत्रण का आधार है। संक्रमण की रोकथाम के दृष्टिगत सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। मास्क के प्रयोग, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजेशन इत्यादि से इस संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। संक्रमण प्रसार को रोकने के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार कंटेनमेन्ट जोन की व्यवस्था बहाल करने पर विचार किया जाए। लोगों को इस संक्रमण के विषय में संतुलित जानकारी दी जाए, ताकि उनमें पैनिक न हो।जिन मरीजों में कोरोना के लक्षण दिखें उन्हें होम आइसोलेशन में रखते हुए इलाज किया जाए और उनकी निरन्तर मॉनीटरिंग की जाए। को–मॉर्बिड मरीजों, बुजुर्गों और बच्चों को संक्रमण से बचाने पर विशेष ध्यान दिया जाए, यदि वे संक्रमित हों तो उनके इलाज की प्रक्रिया की सतत मॉनीटरिंग हो। उन्हें तत्काल मेडिसिन किट उपलब्ध कराई जाए। यह संक्रमण कम तीव्रता वाला है, अतः इसके लक्षण दिखने पर सामान्य मरीज होम आइसोलेशन में रहकर चिकित्सक की सलाह से अपना इलाज कर सकता है। यह संक्रमण वायरल फीवर की तरह है। अतः इससे डरने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु सभी एहतियात अवश्य बरते जाएं। मरीज की जांच कराने के उपरान्त चिकित्सक की निगरानी में उपचार होम आइसोलेशन में शुरू कर दिया जाए। बदलती परिस्थितियों में व्यापक जनहित के दृष्टिगत स्वास्थ्य विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार नवीन कोविड गाइडलाइंस जारी की गई हैं। इनका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अस्पतालों में डॉक्टर्स को पीपीई किट की उपलब्धता रहे। निगरानी समितियां और इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर्स को पूरी तरह सक्रिय किया जाए। जनपदीय आईसीसीसी में चिकित्सकों का पैनल तैनात करते हुए लोगों को टेलीकन्सल्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जरूरत के मुताबिक लोगों को मेडिसिन किट उपलब्ध कराई जाए। कोविड के उपचार में उपयोगी जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए।निगरानी समितियां अपना कार्य प्रभावी ढंग से करें। गांवों में प्रधान के नेतृत्व में और शहरी वार्डों में पार्षदों के नेतृत्व में निगरानी समितियां क्रियाशील रहें। निगरानी समितियां घर–घर संपर्क कर बिना टीकाकरण वाले लोगों की सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा सके।

## कोचिंग से वापस लौट रही नाबालिग छात्रा लापता : पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के इनायतनगर थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर बाजार से कोचिंग पढ़ कर अपने घर वापस लौट रही 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा अचानक रास्ते से ही लापता हो गई है देर रात तक घर न पहुंचने पर घबराए परिजनों ने इनायतनगर थाने पहुंच आपबीती बताई और मामले में प्राथमिकी कायम किए जाने हेतु तहरीर दी जिसके आधार पर प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर अमरजीत सिंह ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण सहित अन्य आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इनायत नगर थाना क्षेत्र के मठिया मुगीशपुर गांव निवासी उदयराज यादव की 17 वर्षीय बेटी श्रेजल मिल्कीपुर बाजार स्थितस्टैंडर्ड कैरियर इंस्टीट्यूट में जीव विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान की कोचिंग पढ़ने जाती थी। जिस क्रम में वह बीते 7 जनवरी को कोचिंग पढ़ने गई थी कोचिंग पढ़ कर वह 5 बजे शाम साइकिल से अपने घर वापस लौटी थी कि अचानक रास्ते से ही लापता हो गई। देर रात तक जब छात्रा श्रेजल अपने घर नहीं लौटी तो उसके परिवारी जन हैरान हो गए और बेटी की खोजबीन में जुट गए। कहीं पता न चलने के बाद थके हारे पिता ने इनायत नगर थाने में तहरीर देकर बेटी का पता लगाए जाने की गुहार लगाई है फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## जिला प्रशासन की उदासीनता के चलते दिन प्रतिदिन बढ़ रहे करोना पॉजिटिव मरीज

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)जिला प्रशासन की उदासीनता के चलते दिन प्रतिदिन करोना पॉजिटिव के मरीज रहे है।स्वास्थ्य बुलेटिन के मुताबिक रविवार तक जिले में कुल 144 कोरोना संक्रमित मरीज मिले।जिसका मुख्य कारण जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना है।जिसके चलते दुकानदारों से लेकर विक्रम चालक ई रिक्शा चालक बिना मास्क सेनिटाइजर व सामाजिक दूरी से सवारी भरकर फर्राटे भर रहे हैं।वही शहर के दुकानदार बिना मार्क्स एवं बिना गोला बनाए वितरण कर रहे हैं सामानों की बिक्री इसी तरह दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन स्वामियों द्वारा बिना मार्क्स के फर्राटे भर रहे हैं परंतु जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम ना उठाए जाने के कारण दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे करोना पॉजिटिव के मरीज अब यह देखना है कि जिला प्रशासन नियमों का पालन कब तक कराने में सफल हो पाएगा।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।